• जयपुर, मंगलवार 3 नवंबर 26 • वर्ष 16 • अंक 01 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

RNI. No. RAJHIN/2011/40950

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम



चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**

दिवाली से पहले दिल्ली की हवा गंभीर, आधी रात को एक्यूआई 500 के पार पहुंचा

नई दिल्ली/एजेंसी।

राजधानी दिल्ली में सर्दियों की शुरुआत से पहले ही वायु प्रदूषण ने गंभीर रूप लेना शुरू कर दिया है। दिवाली से पहले ही दिल्ली की हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। सोमवार को राजधानी के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350 के पार पहुंच गया, जबकि आधी रात के कुछ समय बाद यह 512 दर्ज किया गया। रविवार को दिल्ली का 24 घंटे का औसत एक्यूआई 261 था, जो खराब श्रेणी में आता है। सोमवार को इसमें और गिरावट दर्ज की गई और वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार सुबह दिल्ली के कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर चिंताजनक रहा। रोहिणी में एक्यूआई 396, अलीपुर में 375, विवेक विहार में 370 और नरेला में 363 दर्ज किया गया। आईटीओ और अक्षरधाम में यह 349, इंडिया गेट और जनपथ में 335 तथा चांदनी चौक में 358 रहा। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 343 और बुराड़ी में 308 एक्यूआई दर्ज किया गया।



वहीं, आया नगर में एक्यूआई 276, हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर 263 और आनंद विहार में 242 रहा। सोमवार सुबह पंजाबी बाग, जहांगीरपुरी और रोहिणी में प्रदूषण का स्तर 400 के पार पहुंच गया। दिल्ली से सटे नोएडा में भी स्थिति गंभीर रही। वहां सुबह 11 बजकर 1 मिनट पर एक्यूआई 409 दर्ज किया गया।

राजधानी में रविवार शाम छह बजे के बाद प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ना शुरू हुआ। रविवार शाम तक औसत एक्यूआई 272 था, जो रात 10 बजे बढ़कर 287 और 11 बजे 290 हो गया। आधी रात के कुछ समय बाद यह 512 तक पहुंच गया। पिछले 24 घंटों के दौरान इसका न्यूनतम स्तर भी 334 दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता सूचकांक 450 से अधिक होने पर हवा को अति गंभीर श्रेणी में रखा जाता है।

राजधानी के 57 निगरानी केंद्रों में से 50 पर सूक्ष्म कण पीएम 2.5 प्रमुख प्रदूषक रहे, जबकि शेष सात केंद्रों पर पीएम 10 का स्तर प्रमुख प्रदूषक के रूप में दर्ज किया गया। पीएम 2.5 के सूक्ष्म कण सांस के जरिए फेफड़ों तक पहुंच सकते हैं और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं।

केंद्र के वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी तंत्र ने अनुमान जताया है कि सोमवार और मंगलवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में रह सकती है, जबकि बुधवार तक इसके बहुत खराब श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। ऐसे में आने वाले दिनों में राजधानी के लोगों को प्रदूषण से और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एक नवंबर से शीतकालीन प्रदूषण नियंत्रण कार्ययोजना लागू कर दी गई है। इसके तहत भारत चरण-6 उत्सर्जन मानक से नीचे के वाहनों को, जो दिल्ली के बाहर पंजीकृत हैं, राजधानी में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। इसके अलावा, वायु प्रदूषण के स्तर को देखते हुए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप) के तहत धूल फैलाने वाले निर्माण और तोड़फोड़ के कार्यों पर रोक लगा दी गई है।

न्यूज अपडेट

अमेरिका के फ्लोरिडा में बड़ा विमान हादसा, 9 लोगों की मौत, सडक पर गिरते ही आग का गोला बना बिजनेस जेट



फ्लोरिडा/एजेंसी। अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में रविवार को एक निजी व्यावसायिक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार पायलट समेत सभी नौ लोगों की मौत हो गई। दुर्घटनाग्रस्त विमान ऑस्टिन, टेक्सास से बहामास जा रहा था। हादसा पाम बीच काउंटी के क्रेस्टहेवन इलाके के पास हुआ। दुर्घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें विमान तेजी से जमीन की ओर गिरता हुआ दिखाई दे रहा है। जमीन से टकराते ही विमान आग के बड़े गोले में तब्दील हो गया।

अमेरिका के परिवहन सचिव सीन डफी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटनाग्रस्त विमान लियरजेट 60 था। विमान में पायलट सहित नौ लोग सवार थे। प्रारंभिक उड़ान आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि दुर्घटना से कुछ समय पहले विमान तेजी से ऊंचाई खो रहा था। उड़ान संबंधी आंकड़ों के अनुसार, विमान कई सौ फीट प्रति सेकंड की रफ्तार से नीचे आ रहा था।

संघीय विमानन प्रशासन ने पुष्टि की है कि विमान ने टेक्सास के ऑस्टिन से उड़ान भरी थी और उसका निर्धारित गंतव्य बहामास था। विमान की पहचान उसके पंजीकरण क्रमांक एन722बीडी से की गई है।

जनादेश का अपमान कर रहे राहुल और तेजस्वी, संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना बंद करे विपक्ष : नितिन नबीन

● **भाजपा अध्यक्ष ने भागलपुर में विपक्ष पर साधा निशाना, कहा- हमें ज्ञानेश कुमार ने नहीं, देश की जनता ने जिताया; प्रधानमंत्री मोदी के विकास के साथ खड़े हैं 140 करोड़ लोग**

भागलपुर/एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को बिहार के भागलपुर में विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत बाबा अजगैबीनाथ में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव जैसे नेता जनादेश का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भाजपा को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नहीं, बल्कि देश की जनता ने चुनाव जिताया है।

नितिन नबीन ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल उठाने वाले विपक्षी नेताओं को निशाने पर लेते हुए कहा कि राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी और



अरविंद केजरीवाल जैसे नेता चुनाव में जनता से नकारे जाने के बाद संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को अपनी चुनावी हार से सबक लेना चाहिए और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर बेवजह आरोप लगाने से बचना चाहिए।

भाजपा अध्यक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का बचाव करते हुए कहा कि राहुल गांधी अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग, एसआईआर और ईवीएम पर फोड़ते हैं। उनसे पूछा जाना चाहिए कि वर्ष 2014 के चुनाव के समय क्या ज्ञानेश कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त थे? उन्होंने कहा कि भाजपा को वर्ष 2014, 2019 और 2024 के चुनावों में देश की जनता ने जीत दिलाई है। जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया और उन्हें जनादेश दिया। नितिन नबीन ने कहा, मैं पूछता हूं कि आप अपनी नाकामी से क्यों नहीं सीखते? 2014, 2019 और फिर 2024 में हमें जीत मिली। ज्ञानेश कुमार ने नहीं, देश की जनता ने हमें जिताया। देश की जनता ने नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया और उनको जिताया। विपक्ष को अपनी हार से सबक लेना चाहिए, बेवजह संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना बंद कर देना चाहिए और जनादेश का अपमान करना बंद करना चाहिए।

हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से आठ मजदूरों की मौत, चार घायल

झुंझुनूं/एजेंसी।

राजस्थान के झुंझुनूं जिले में सोमवार को सड़क निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया। उदयपुरवाटी थाना क्षेत्र के छपोली गांव के पास बजरी मिश्रण करने वाली मशीन के ऊपर से गुजर रही उच्च क्षमता वाली बिजली लाइन के संपर्क में आने से आठ मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार, घटना छपोली और कदमकुंड के बीच स्थित एक जंगली इलाके में हुई। यहां ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य के लिए बजरी मिश्रण करने वाली मशीन मंगवाई थी। निर्माण कार्य के दौरान मशीन ऊपर से गुजर रही



उच्च क्षमता वाली बिजली लाइन के संपर्क में आ गई। इससे मशीन में करंट फैल गया और वहां काम कर रहे मजदूर उसकी चपेट में आ गए। उदयपुरवाटी के थाना प्रभारी रामपाल ने बताया कि मशीन के बिजली के तार से संपर्क में आते ही उसमें करंट दौड़ गया। इस दौरान आसपास काम कर रहे मजदूरों को बिजली का तेज झटका लगा, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए। झुंझुनूं के जिला कलेक्टर अरुण गर्ग ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना छपोली और कदमकुंड के बीच जंगल क्षेत्र में हुई है। दुर्घटना में घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका उपचार किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से घटना की जानकारी जुटाई जा रही है।

पंजाब : आम आदमी पार्टी से निलंबित तीन विधायकों ने थामा भाजपा का दामन

नई दिल्ली /एजेंसी। आम आदमी पार्टी के निलंबित तीन विधायकों ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ज्वाइन कर ली। विधायक कुंवर विजय प्रताप सिंह, हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौरामाजरा ने भाजपा का दामन थामा। पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने कहा, भाजपा का काफिला दिनों-दिन बढ़ रहा है। बड़ी खुशी हो रही है कि कुंवर विजय प्रताप सिंह, हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौरामाजरा भाजपा में शामिल हो गए हैं। दिल की गहराई से उनका धन्यवाद। आम आदमी पार्टी डूबती नाव है। आम आदमी पार्टी ने अपने दो विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौड़ामाजरा को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था।

बिना इंजन के छह किलोमीटर तक दौड़े सात रेलवे कोच, पटरी से उतरने से बेंगलुरु-चेन्नई रेलमार्ग बाधित

तिरुपत्तूर/एजेंसी।

तमिलनाडु के तिरुपत्तूर जिले में रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक का मामला सामने आया है। जोलारपेट्टई रेलवे जंक्शन के यार्ड में खड़े सात खाली रेलवे डिब्बे बिना इंजन के करीब छह किलोमीटर तक लुढ़कते चले गए। इसके बाद ये डिब्बे थमालेरी मुथुर के पास पटरी से उतर गए। घटना के कारण बेंगलुरु-चेन्नई रेलमार्ग पर रेल यातायात बाधित



हो गया और कई ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा। हालांकि, रेलवे अधिकारियों की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया।

घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासन ने आपात कार्रवाई शुरू कर दी। अधिकारियों ने बेंगलुरु से जोलारपेट्टई की ओर आ रही ट्रेनों

● **तमिलनाडु के जोलारपेट्टई रेलवे यार्ड में हुई घटना, सतर्कता से टला बड़ा हादसा**

को अलग-अलग स्थानों पर रोकने के निर्देश दिए, ताकि इन डिब्बों से किसी ट्रेन की टक्कर न हो। बताया गया कि ड्यूटी पर तैनात एक रेल फाटक कर्मचारी ने पटरी से उतरे डिब्बों की असामान्य आवाज सुनी और तत्काल रेलवे अधिकारियों को इसकी सूचना दी।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सातों खाली डिब्बे मरम्मत संबंधी कार्य के लिए कोच रखरखाव यार्ड में खड़े किए गए थे। बताया जा रहा है कि एक इंजन ने इन डिब्बों को धक्का दिया था, लेकिन इसके बाद रेलवे कर्मचारियों ने उन्हें उचित तरीके से सुरक्षित नहीं किया। इसी कारण डिब्बे अनियंत्रित होकर अपने आप चलने लगे और यार्ड की सीमा पार कर मुख्य रेलमार्ग की ओर बढ़ गए।

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान 'मुरासु'

3 नवंबर को आंध्र तट से टकराने की चेतावनी, ओडिशा में खाली कराए जा रहे इलाके

विशाखापट्टनम/एजेंसी

बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव का क्षेत्र तीव्र होकर चक्रवाती तूफान 'मुरासु' में तब्दील हो गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) के अनुसार, यह शक्तिशाली चक्रवात तेजी से तटीय इलाकों की ओर बढ़ रहा है और इसके 3 नवंबर की सुबह आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की प्रबल संभावना है। लैंडफॉल के दौरान तटीय क्षेत्रों में हवा की गति 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा रहने का अनुमान है, जो झोंकों के साथ 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इस चेतावनी के बाद आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटीय जिलों में प्रशासन को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

● **ओडिशा सरकार ने दिए निकासी के आदेश, अलर्ट मोड पर एनडीआरएफ**

चक्रवात 'मुरासु' के संभावित खतरे और जान-माल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ओडिशा सरकार ने एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। राज्य प्रशासन ने संवेदनशील, निचले इलाकों और भूस्खलन के खतरे वाले पहाड़ी क्षेत्रों को तुरंत खाली कराने के निर्देश जारी किए हैं। प्रभावित होने वाले क्षेत्रों से ग्रामीणों को सुरक्षित राहत शिविरों में पहुंचाने का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल की टुकड़ियों को संवेदनशील जिलों में तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से त्वरित रूप से निपटा जा सके। मच्छुआरों को समुद्र में न जाने की सख्त सलाह दी गई है।



● **एक हफ्ते में दूसरा बड़ा तूफान, 'अर्नब' के बाद 'मुरासु' का संकट**

बंगाल की खाड़ी में महज एक सप्ताह के भीतर यह दूसरा बड़ा चक्रवाती तूफान है, जिसने मौसम वैज्ञानिकों और आपदा प्रबंधन टीमों की चिंता बढ़ा दी है। इससे पहले बीते 26 अक्टूबर को चक्रवात 'अर्नब' सक्रिय हुआ था, जो 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के तटीय हिस्से से टकराया था। उस तूफान के चलते आंध्र प्रदेश, ओडिशा और आसपास के कई राज्यों में मूसलाधार बारिश के साथ भारी तबाही मची थी। अभी उस आपदा के प्रभाव से जनजीवन पूरी तरह सामान्य भी नहीं हो पाया था कि 'मुरासु' ने दोबारा खतरे की घंटी बजा दी है।

● **ओडिशा के गंजाम और गजपति में बाढ़ जैसे हालात, नए तूफान से बिगड़ेगी स्थिति**

ओडिशा के दक्षिणी जिले- विशेषकर गंजाम और गजपति पिछले एक हफ्ते से लगातार हो रही बारिश के कारण पहले से ही गंभीर जलभराव और बाढ़ जैसी विकट परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। राज्य प्रशासन अभी चक्रवात 'अर्नब' से बुनियादी ढांचे, सड़कों और फसलों को पहुंचे नुकसान की समीक्षा और राहत कार्यों में जुटा ही था कि नए तूफान के चलते दोबारा मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी हो गया है। मौसम विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इस नए तूफान के असर से नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है, जिससे निचले इलाकों में जलप्रलय की स्थिति बन सकती है।

सोनिया गांधी ने लालू प्रसाद यादव से की मुलाकात, स्वास्थ्य का जाना हाल

● **मीसा भारती के दिल्ली स्थित आवास पहुंचीं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष, लालू ने पुरानी यादें साझा करते हुए संप्रग सरकार के कार्यकाल को किया याद**

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। सोनिया गांधी नई दिल्ली में राज्यसभा सदस्य मीसा भारती के सरकारी आवास पहुंचीं, जहां उन्होंने लालू यादव का कुशलक्षेम जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

लालू प्रसाद यादव ने सामाजिक माध्यम मंच 'एक्स' पर मुलाकात की जानकारी साझा करते हुए लिखा कि सोनिया गांधी ने उनके आवास पहुंचकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। इस दौरान पुराने दिनों की यादें भी ताजा हुईं। उन्होंने बताया कि बातचीत में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल को याद किया गया। उस दौरान युवाओं, किसानों, सैनिकों और आम नागरिकों के हित में पारदर्शी एवं जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई थीं।

लालू यादव ने अपने संदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), शिक्षा का अधिकार अधिनियम और सूचना का अधिकार अधिनियम जैसे कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके माध्यम से देशवासियों को सशक्त बनाने का प्रयास किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में बिहार के विकास के लिए एक लाख 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया गया था।

संपादकीय

अचानक आई आपदा नहीं

एनडीएमए के भीड़ प्रबंधन संबंधी दिशा–निर्देशों को धार्मिक आयोजनों के कर्ता–धर्ताओं ने शायद पढने की जरूरत भी नहीं समझी है। नतीजतन, हंसी–खुशी के मौकों पर ग़म की कहानियों का लिखा जाना जारी है!

कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पंडाल में मची भगदड़ के अगले ही दिन मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास दर्दनाक दुर्घटना हुई। कोलकाता में 19 और ग्वालियर में 15 श्रद्धालुओं की जान गई। हालांकि दो अलग जगहें हैं, दो घटनाएं हैं, और हादसों के शिकार पात्र अलग हैं, लेकिन दोनों दुर्घटनाओं में कई समान बातें हैं। बेशक, एक सड×क हादसा है, दूसरा भीड़ प्रबंधन की विफलता– लेकिन दोनों की जड़ में एक ही सच्चाई छिपी है कि धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा को लग्जरी मानने का नजरिया कायम है। ऐसा इसलिए है कि हर साल धार्मिक स्थलों पर ऐसे अनगिनत हादसे होने के बावजूद ना कोई सीख ली जाती है, और ना ही कोई प्रभावी जवाबदेही तय होती है। ग्वालियर में ट्रक उस सड×क पर पहुंच गया जहां नो एंट्री थी और दोपहिया वाहनों तक को रोका जा रहा था।

ऐसे में बैरिकेड तोड़ कर ढलान से नीचे उतरते हुए ट्रक ने कैसे श्रद्धालुओं को कुचला, यह रहस्यमय है। पुलिस को मालूम था कि नवरात्रि में भारी भीड़ होगी, फिर भी वह पुख्ता इंतजाम करने में नाकाम रही। राहत कार्य का आलाम यह था कि पीड़ित परिवारों को खुद क्रेन किराए पर लेनी पड़ी, ताकि शव बाहर निकाले जा सकें। उधर कोलकाता के चोरबागान पंडाल में एक ही निकास था, गलियां संकरी थीं, अंदर अंधेरा था, और बारिश की स्थिति में लोगों को नियमित रूप से निकालने की व्यवस्था नहीं थी। आयोजकों की सुरक्षा संबंधी घोषणा और सुरक्षा गार्डों की सीटियों ने भगदड़ को और भड×का दिया।

गौरतलब है कि यह कोई अचानक आई आपदा नहीं थी– बीते दिनों ही बैरिकेड कई बार टूट चुके थे, फिर भी अतिरिक्त तैयारियों की जरूरत नहीं समझी गई। हादसों के बाद की कहानी भी घिसीपिटी है: कुछ पुलिसकर्मियों का निलंबन, आयोजकों की गिरफ्तारी, मुआवजे की घोषणा और जांच आयोग का गठन। जबकि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने 2014 में ही भीड़ प्रबंधन के दिशा–निर्देश तैयार किए थे। धार्मिक आयोजनों के कर्ता–धर्ताओं ने शायद उसे पढने की जरूरत भी नहीं समझी है। नतीजतन, हंसी–खुशी के मौकों पर ग़म और दर्द की कहानियों का लिखा जाना जारी है!

वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत की विकास गाथा और मोदी सरकार का निर्णायक आर्थिक दृष्टिकोण

डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा। आज पूरा विश्व एक अभूतपूर्व संकट, अस्थिरता और युद्धों के दौर से गुजर रहा है। यूरोप में जारी संघर्ष हो या पश्चिम एशिया में गहराता तनाव, आपूर्ति श्रृंखलाएं छिन्न-भिन्न हैं, वैश्विक ऊर्जा बाजार दबाव में है और विकसित अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती तथा मुद्रास्फीति की दोहरी मार से जूझ रही हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने जहां वैश्विक विकास दर के मात्र 3.1 से 3.2 प्रतिशत के आसपास सीमित रहने का अनुमान जताया है, वहीं ऐसे जटिल और चुनौतीपूर्ण दौर में भारत का विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूती से खड़े रहना किसी आर्थिक चमत्कार से कम नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्णायक नेतृत्व, दूरगामी नीतियों और सुधारोन्मुखी शासन का ही प्रत्यक्ष प्रमाण है।

आईएमएफ की नवीनतम 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट ने इस पर आधिकारिक मुहर लगाई है। आईएमएफ के ताजा अनुमान के अनुसार, भारत की जीडीपी विकास दर 2026 और 2027, दोनों वर्षों में 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह आंकड़ा महज एक सांख्यिकी नहीं है, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती और लचीलेपन का साक्षात प्रमाण है। जहां दुनिया की बड़ी-बड़ी महाशक्तियां मंदी की आशंकाओं से घिरी हैं, वहीं भारत वैश्विक आर्थिक वृद्धि के सबसे बड़े इंजन के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश ने नीतिगत निरंतरता और साहसिक संरचनात्मक सुधारों का नया अध्याय देखा है। पीएम गति शक्ति, राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति और पूंजीगत व्यय में निरंतर रिकॉर्ड वृद्धि ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर का कायाकल्प कर दिया है। आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे संकल्पों ने घरेलू विनिर्माण को अभूतपूर्व संबल प्रदान किया है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) योजनाओं के प्रभाव से आज भारत मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण का वैश्विक केंद्र बन चुका है, जिससे लाखों नए रोजगार सृजित हुए हैं। इसके साथ ही, डिजिटल इंडिया और यूपीआई ने अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाकर अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक वित्तीय समावेशन पहुँचाया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत हजारों गैर-जरूरी अनुपालनों को समाप्त कर एमएसएमई, खुदरा व्यापारियों और स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। आज भारत का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है।परंतु, इस आर्थिक विजय यात्रा के बीच एक चिंताजनक और कड़वी सच्चाई की अनदेखी नहीं की जा सकती।

(3 नवंबर, फिल्म उद्योग के महानायक पृथ्वीराज कपूर की 120 वीं जयंती पर विशेष)

अपनी विशिष्ट आवाज और कालजई अभिनय के लिए पृथ्वीराज कपूर सदा याद किए जाएंगे



विजय केसरी



भारतीय फिल्म उद्योग के महानतम नायक पृथ्वीराज कपूर एक बेहतरीन कलाकार रहे थे। उनका संपूर्ण जीवन रंगमंच और भारतीय फिल्म उद्योग को समर्पित रहा था। वे जितने अच्छे कलाकार थे, उतने ही संवेदनशील इंसान भी थे। उनकी रौबदार आवाज आज भी सिनेमा के थियेटरों में गूंजती सुनाई पड़ती है। उनकी आवाज जितनी कड़क थी,चेहरे के भाव भी उसी अनुरूप प्रस्तुत होता रहा था। उनके रोम रोम में कला बसती थी। वे एक कलाकार के साथ संगीत के भी उतने ही शौकीन रहे थे। दादा साहब फाल्के ने 1913 में मुंबई में फिल्म इंडस्ट्री की स्थापना की थी। इसके ठीक पन्द्रह वर्षों बाद पृथ्वीराज कपूर का मुंबई आना हुआ था। उन्होंने शुरुआती दौर में कुछ मूक फिल्मों में काम करने के बाद भारत की पहली बोलने वाली फिल्म 'आलम आरा'मैं मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म ने उन्हें राष्ट्रीय क्षितिज पर एक बेहतरीन कलाकार के रूप में स्थापित कर दिया था । मुंबई फिल्म इंडस्ट्री के पहले ऐसे नायक रहे, जो अपनी पहली फिल्म से ही दर्शकों की पहली पसंद बन गए थे । आज भी 'आलम आरा' फिल्म भारत की शान में कसीदे गढ़ती रहती है । यह फिल्म अब एक ऐतिहासिक फिल्म के रूप में जानी जा जाती है । तब आज की तरह मुंबई फिल्म इंडस्ट्री के पास कोई विशेष तकनीकी उपलब्ध नहीं थी । इसके बावजूद इस फिल्म में जिस तरह दृश्यों को प्रस्तुत किया गया, तारीफे काबिल है।

पृथ्वीराज कपूर का जन्म 3 नवंबर, 1906 को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हुआ था। उनकी मृत्यु मात्र 66 वर्ष की उम्र में 29 मई, 1972 को हो गई थी। वे 1928 से लेकर 1972 तक लगातार 44 वर्षों तक भारतीय फ़िल्म उद्योग में सक्रिय रहे थे। वे अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक फिल्मों का ही ताना बाना बुनते रहे थे। अर्थात उनका संपूर्ण जीवन भारतीय रंगमंच और मुंबई फिल्म इंडस्ट्री को समर्पित रहा था । उन्होंने अपने ही जीवन काल में पृथ्वी थिएटर की स्थापना की थी। यह थिएटर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही लोकप्रिय हुआ । देश के कई जाने-माने कलाकार इस थिएटर से निकल कर मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में एक नायक रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हुए। पृथ्वी राज कपूर की लोकप्रियता का आलम यह रहा था कि उन्हें तत्कालीन सरकार द्वारा राज्यसभा का भी सदस्य मनोनीत किया गया था, लेकिन उनका राज्य सभा की बहस और राजनीति से क्या लेना देना था ? वे तो बस एक खालिस कलाकार थे । वे सिर्फ अपनी बातों को फिल्मों के माध्यम से आम दर्शकों के बीच रखना चाहते थे। उन्होंने कुछ ही महीनों के बाद राज्यसभा की सदस्य से त्यागपत्र दे दिया। उसके बाद वे कभी भी राजनीति के इर्द-गिर्द भी नजर नहीं आए । बस ! फिल्म ही करते रहे थे।

पृथ्वीराज ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लायलपुर और लाहौर,पाकिस्तान में रहकर पूरी की। पृथ्वीराज के पिता दीवान बशेस्वर नाथ कपूर पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के रूप में कार्यरत थे। बाद में उनके पिता का तबादला पेशावर में हो गया। पृथ्वीराज ने अपनी आगे की पढ़ाई पेशावर के एडवर्ड कॉलेज से की। साथ ही उन्होंने एक वर्ष तक क़ानून की पढ़ाई भी की लेकिन बीच में ही उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी, क्योंकि उस समय तक उनका रुझान थिएटर की ओर हो गया था। वे थिएटर से ऐसे जुड़ गए कि फिर उससे कभी बाहर ही निकल नहीं पाए। संभवतः उनका मुंबई फिल्म इंडस्ट्री को स्थापित करने और एक नई दिशा देने के लिए हुआ था।

उनकी शादी महज 18 वर्ष की उम्र में हो गई थी। शादी के बाद वे वर्ष 1928 में अपनी चाची से आर्थिक सहायता लेकर अपने सपनों के शहर मुंबई पहुंचे थे। उन्होंने 1928 में मुंबई में इंपीरियल फ़िल्म कंपनी से जुड़ कर अपनी पहली पारी की शुरुआत की थी । उन्होंने वर्ष 1930 में बीपी मिश्रा की फ़िल्म 'सिनेमा गर्ल' में उन्होंने अभिनय किया। इसके कुछ समय पश्चात एंडरसन की थिएटर कंपनी के नाटक शेक्सपियर में भी उन्होंने अभिनय किया। लगभग दो वर्ष तक फ़िल्म इंडस्ट्री में संघर्ष करने के बाद पृथ्वीराज को वर्ष 1931 में प्रदर्शित फ़िल्म आलम आरा में सहायक अभिनेता के रूप में काम करने का मौक़ा मिला।

1933 में पृथ्वीराज कपूर कोलकाता के मशहूर न्यू थिएटर के साथ जुड़े। वर्ष 1933 में प्रदर्शित फ़िल्म 'राज रानी' और वर्ष 1934 में देवकी बोस की फ़िल्म 'सीता' की कामयाबी के बाद बतौर अभिनेता पृथ्वीराज अपनी पहचान बनाने में सफल हो गए। इसके बाद पृथ्वीराज ने न्यू थिएटर की निर्मित कई फ़िल्मों में अभिनय किया। इन फ़िल्मों में 'मंजिल' 1936 और 'प्रेसिडेंट' 1937 जैसी फ़िल्में शामिल हैं। वर्ष 1937 में प्रदर्शित फ़िल्म विद्यापति में पृथ्वीराज के अभिनय को दर्शकों ने काफ़ी सराहा। वर्ष 1938 में चंदूलाल शाह के रंजीत मूवीटोन के लिए पृथ्वीराज अनुबंधित किए गए। रंजीत मूवी के बैनर तले वर्ष 1940 में प्रदर्शित फ़िल्म 'पागल' में पृथ्वीराज कपूर अपने सिने कैरियर में पहली बार एंटी हीरो की भूमिका निभाई। इसके बाद वर्ष 1941 में सोहराब मोदी की फ़िल्म सिकंदर की सफलता के बाद पृथ्वीराज कामयाबी के शिखर पर जा पहुंचे।

1944 में पृथ्वीराज कपूर ने अपनी खुद की थियेटर कंपनी पृथ्वी थिएटर शुरू की। पृथ्वी थिएटर में उन्होंने आधुनिक और शहरी विचारधारा का इस्तेमाल किया, जो उस समय के फारसी और परंपरागत थिएटरों से काफ़ी अलग था। धीरे-धीरे दर्शकों का ध्यान थिएटर की ओर से हट गया, क्योंकि उन दिनों दर्शकों के ऊपर रुपहले पर्दे का क्रेज कुछ ज़्यादा ही हावी हो चला था। सोलह वर्ष में पृथ्वी थिएटर के 2662 शो हुए जिनमें पृथ्वीराज ने लगभग सभी शो में मुख्य किरदार निभाया। पृथ्वी थिएटर के प्रति पृथ्वीराज इस क़दर समर्पित थे कि तबीयत ख़राब होने के बावजूद भी वह हर शो में हिस्सा लिया करते थे। वह शो एक दिन के अंतराल पर नियमित रूप से होता था। एक बार तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उनसे विदेश में जा रहे सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने की पेशकश की, लेकिन पृथ्वीराज ने नेहरू जी से यह कह उनकी पेशकश नामंजूर कर दी कि वह थिएटर के काम को छोड़कर वह विदेश नहीं जा सकते। पृथ्वी थिएटर के बहुचर्चित कुछ प्रमुख नाटकों में दीवार, पठान, 1947, गद्दार, 1948 और पैसा 1954 शामिल है। पृथ्वीराज ने अपने थिएटर के जरिए कई छुपी हुई प्रतिभा को आगे बढ़ने का मौक़ा दिया, जिनमें रामानंद सागर और शंकर जयकिशन जैसे बड़े नाम शामिल है।

1960 में प्रदर्शित के. आसिफ की 'मुग़ले आज़म' में पृथ्वीराज कपूर के सामने अभिनय सम्राट दिलीप कुमार थे, इसके बावजूद पृथ्वीराज कपूर अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहे। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर ने बादशाह अकबर की ऐसी जीवंत भूमिका निभाई थी कि लगता था कि सचमुच में अकबर बादशाह ही यह किरदार निभा रहे हैं। वर्ष 1965 में प्रदर्शित फ़िल्म आसमान महल में पृथ्वीराज ने अपने सिने कैरियर की एक और न भूलने वाली भूमिका निभाई। इसके बाद वर्ष 1968 में प्रदर्शित फ़िल्म तीन बहुरानियां में पृथ्वीराज ने परिवार के मुखिया की भूमिका निभाई, जो अपनी बहुरानियों को सच्चाई की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है। इसके साथ ही अपने पुत्र रणधीर कपूर की फ़िल्म कल आज और कल में भी पृथ्वीराज कपूर ने यादगार भूमिका निभाई।

वर्ष 1969 में पृथ्वीराज कपूर ने एक पंजाबी फ़िल्म नानक नाम जहां है में भी अभिनय किया। फ़िल्म की सफलता ने लगभग गुमनामी में आ चुके पंजाबी फ़िल्म इंडस्ट्री को एक नया जीवन प्रदान किया था। पचास के दशक में पृथ्वीराज कपूर की जो फ़िल्में प्रदर्शित हुईं उनमें शांताराम की दहेज 1950 के साथ ही उनके पुत्र राज कपूर की निर्मित फ़िल्म आवारा प्रमुख है। फ़िल्म आवारा में पृथ्वीराज कपूर ने अपने पुत्र राजकपूर के साथ अभिनय किया। साठ का दशक आते-आते पृथ्वीराज कपूर ने फ़िल्मों में काम करना काफ़ी कम कर दिया। पृथ्वीराज कपूर को मरणोपरांत उनके बेहतरीन अभिनय के लिए देश का सर्वोच्च फ़िल्म सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया था। 1967 में उन्हें पद्म भूषण से भी नवाजा गया था। इसके साथ ही उन्हें कई राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से भी नवाजा गया। उनका अभिनय सदा रंगमंच और फिल्म से जुड़े कलाकारों का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा।

● **विजय केसरी,**
(कथाकार /स्तंभकार)
पंच मंदिर चौक,
हजारीबाग - 825 301,
मोबाइल नंबर : 92347 99550.

आज का राशिफल

मेष राशिः

मेष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी जरूरी कामकाज को निपटाने में आप सफल हो सकते हैं। आज आप अपने साथियों और आसपास के लोगों के साथ उदार रहेंगे। आज किसी काम में भाई–बहन का पूरा–पूरा सहयोग मिलेगा। आज सोचे हुए काम पूरे होने की उम्मीद है। आज आपकी यात्रा सुखद रहेगी। आज बिजनेस को आगे बढ़ाने के नए मौके सामने आ सकते हैं। अपनी सेहत को बेहतर बनाए रखने के लिए आपको सुबह के समय टहलना चाहिए, साथ ही नकारात्मक चीजों से आपको बचे रहना चाहिए।

वृषभ राशि

वृष राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज नौकरी में आपकी इंक्रीमेंट होने के चांस हैं। आज किसी जरूरी काम में परिवार का साथ मिलेगा। आज आपको अच्छी खबर मिल सकती है। आज आप रोजगार के मामले में किसी से सलाह ले सकते हैं, जो कि आपके लिए फायदेमन्द रहेगी। आज किसी व्यक्ति से बड़े प्रोजेक्ट के बारे में बात हो सकती है। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। बड़े–बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं और अपनी पुरानी यादों को लेकर आपस में चर्चा करेंगे।

मिथुन राशिः

मिथुन राशि वालों आज आपका दिन सामान्य से काफी अच्छा रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आज आपके रुके हुए काम पूरे होने की उम्मीद है। आज कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात होगी, जो आपकी मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। आज पारिवारिक काम को पूरा करने में सफल रहेंगे। आज दोस्तों का किसी जरूरी काम में सपोर्ट मिलेगा। आज आपको सामाजिक स्तर पर लोगों की मदद करने का मौका मिल सकता है।

कर्क राशि :

कर्क राशि वालों आज आप दोस्तों और परिवार के साथ किसी काम में व्यस्त रह सकते हैं। आज ऑफिस में आपको पुराना काम निपटाने की जिम्मेदारी भी मिल सकती है। आज आप नई बिजनेस डील साइन कर सकते हैं, जिससे आपको काफी फायदा हो सकता है। आज अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव मिलने की उम्मीद है। अगर शादीशुदा लोग आज पार्टनर से सामंजस्य बनाकर चलेंगे, तो अनबन होने की संभावना नहीं रहेगी। प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जाएगा। सगे–संबंधियों से अच्छे तालमेल बनेंगे।

सिंह राशिः

सिंह राशि वालों आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। आज कामकाज निपटाने के लिए नए तरीके मिल सकते हैं। आज दोस्तों के साथ संबंधों में सुधार आ सकता है। आज भौतिक सुख–सुविधाओं की तरफ रुझान बढ़ सकता है। आज आपकी सेहत पहले से अच्छी रहेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन ठीक रहेगा। आज रोजमर्रा के काम समय से पूरे हो सकते हैं। आज आपके दोस्त आपकी हर तरह से मदद करने के लिए तैयार रहेंगे। आज आप अपने गोल को अचीव करने के लिए कड़ी से कड़ी मेहनत करने का संकल्प करेंगे और उसे पूरा करने के लिए आज से ही जुट जाएंगे।

कन्या राशिः

कन्या राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। इस राशि के जो लोग बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, आज उनके लिए समय अच्छा है। शुभ मुहूर्त देखकर काम शुरू करें, सफलता जरूर मिलेगी। आज आप समझदारी से कई काम निपटाने की कोशिश करेंगे। आज कला के क्षेत्र में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा। आज दोस्तों के साथ कहीं ट्रिप पर जा सकते हैं। आज आपके काम करने की कला से लोग प्रभावित होंगे। लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आपका समय अच्छा बीतेगा।

तुला राशिः

तुला राशि वालों आज स्वास्थ्य में उतार–चढ़ाव बना रहेगा। ऑफिस में आज अपने काम की प्रशंसा के लिए मेहनत करनी पड़ेगी। आज व्यापारी वर्ग को धन लाभ के मौके मिल सकते हैं। आज शाम को दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बना सकते हैं। आज किसी काम में पिता का साथ मिल सकता है। आज जीवनसाथी के साथ संबंध बेहतर होंगे। आज परिवार में सभी के साथ मिलकर अच्छा समय बिताने की कोशिश करेंगे। आज आप नई भाषा सीखने के बारे में विचार करेंगे। कंस्ट्रक्शन का काम अच्छा चलेगा।

वृश्चिक राशिः

वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मन में नए–नए विचार आ सकते हैं। आज छात्रों के लिए भी दिन बेहतर रहेगा। अगर आप कला के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आज तरक्की के कई नए रास्ते नजर आएंगे। आज महिलाएं शॉपिंग करने जा सकती हैं। आज बिजनेस में बढ़ोतरी होने की संभावना है। आज बचपन के किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में जा सकते हैं। आप अपने परिवार वालों को नई डिश बनाकर खिला सकते हैं, जिससे आपके परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा।

धनु राशिः

धनु राशि वालों आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज किसी मित्र की मदद से आपके काम बनेंगे। आज घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े–बुजुर्गों की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आज आपका ज्यादातर समय परिवार वालों के साथ बीतेगा, उनके साथ कहीं बाहर घूमने का प्लान भी बना सकते हैं। आज दांपत्य रिश्ते मधुरता से भरपूर रहेंगे। आज कोई करीबी आपकी खुशियों को दोगुना कर देगा। साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान हो सकता है।

मकर राशिः

मकर राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज शाम को घर में पार्टी का प्लान बना सकते हैं। कारोबारियों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति पहले की अपेक्षा बेहतर हो सकती है, लेकिन धन के मामले में आपको सावधान रहने की भी जरूरत है। आज मित्र आपसे मिलने के लिए फोन कर सकता है। आज दूसरों पर जल्दी विश्वास न करें। आपके कुछ खास काम में आज रुकावट आ सकती है, लेकिन शाम तक काम पूरा हो जाएगा।

कुंभ राशिः

कुंभ राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। इस राशि के लोग अपनी लाइफ में कुछ बदलाव करने की कोशिश करेंगे, जिससे भविष्य में सफलता आपके कदम चूमेगी। अगर आज आप इंटरव्यू देने के लिए जा रहे हैं, तो सफलता मिलने के पूरे चांस हैं। आज धन लाभ भी हो सकता है। इस राशि के म्यूजिक डायरेक्टर को उनकी विशेष कृति के लिए आज सम्मानित किया जा सकता है। इवेंट मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं।

मीन राशिः

मीन राशि वालों आज शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति मिल सकती है। आज किसी दूसरे का उत्साह देखकर आप उत्साहित होंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स अगर किसी नए कोर्स में एडमिशन लेना चाह रहे हैं, तो आज का दिन शुभ है। साहित्य से जुड़े लोगों को आज उनकी काबिलियत के लिए सम्मानित किया जा सकता है। सोसाइटी में भी आज आपका मान–सम्मान बढ़ सकता है। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। परिवार के साथ प्रेम बढ़ेगा। लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

सू- दोकू क्र. 206

	1			4			7	
		6	9		2			1
	7			6		8		2
1							8	
	8			5		2		3
3		2			4		1	
	3		2			4		
		8		1	6			7
9			4				2	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 205 का हल


3	9	6	8	2	5	4	7	1
8	2	5	1	7	4	6	3	9
7	1	4	6	9	3		2	5
1	8	9	3	6	7	2	5	4
2	6	7	5	4	8	1	9	3
5	4	3	9	1	2	7	8	6
6	7	2	4	3	9	5	1	8
9	5	1	7	8	6	3	4	2
4	3	8	2	5	1	9	6	7

शब्द सामर्थ्य -206

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति–रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 205 का हल

अ	भि	षे	क	■	प	स	■	■
जा	त	■	थ	प	थ	पा	ना	■
य	र	का	नी	■	भ्र	■	र	श्मि
ब	घा	र	■	क	ष्ट	प्र	द	■
■	त	ना	त	नी	■	र्व	■	ब
अ	■	मा	■	ज	मा	त	■	ल
स	जा	■	■	■	■	क	ज	रा
बा	■	बे	स	हा	रा	■	ग	म
ब	गु	ला	■	रा	ज	दू	त	■

संक्षिप्त समाचार

धरियावद उपखण्ड कार्यालय में चुनाव को लेकर जोनल मजिस्ट्रेट की बैठक आयोजित

● चुनाव व्यवस्थाओं एवं कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



चमकता राजस्थान धरियावद आगामी चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न करवाने को लेकर धरियावद उपखण्ड कार्यालय मेंउपखण्ड अधिकारी रिटनिंग अधिकारी प. स. संदीप बे-रड. तहसीलदार दीपिका कटारा पुलिस उप अधीक्षक अकुश मीणा कि उपस्थि मे जोनल मजिस्ट्रेट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव से जुड़ी तैयारियों, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं, कानून व्यवस्था एवं संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में धरियावद थानाधिकारी हजारी लाल मीणा केशरियावाद से रमेश चंद्र मीणा पारसोला से राकेश कटारा शिक्षा विभाग प्रवीण सिंह भाटी वीरेंद्र शकतावत सहित अधिकारियों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने, मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा चुनाव प्रक्रिया के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

प्रशासन की ओर से चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाने पर जोर दिया गया।

पंचायती राज आम चुनाव-2026

● तृतीय चरण के चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



चमकता राजस्थान बाबरा, रास, लाम्बिया, आनंदपुर कालू एवं बलूंदा में व्यवस्थाओं का लिया जायजा ब्यावर। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत तृतीय चरण के मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर कमल राम मीना तथा पुलिस अधीक्षक रतन सिंह राठौड़ ने बाबरा, रास, लाम्बिया, आनंदपुर कालू एवं बलूंदा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मंगलवार को होने वाले मतदान की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, मतदाताओं के लिए बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती, क्रिटिकल सेंटर्स पर अतिरिक्त जाब्ता लगाने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान केंद्रों पर रैंप, बिजली, पानी, छांव और दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के लिए संबंधित प्रभारियों को पाबंद किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्थानीय नागरिकों से बिना किसी भय या प्रलोभन के लोकतंत्र के इस उत्सव में भाग लेने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

सूर्यदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में 'कारोबार 9.0 सूर्यभारत जननेक्स्ट स्टार्टअप फेस्ट' का आयोजन

विद्यार्थियों में उद्यमशीलता, आत्मविश्वास व रोजगार सृजन को विकसित करने पर ही सूर्यदत्त का जोर : प्रो. डॉ. संजय बी. चोरडिया

'कारोबार 9.0 सूर्यभारत जननेक्स्ट स्टार्टअप फेस्ट' में यूनिकॉर्न कंपनियों की कारोबारी यात्रा, नवाचार और उद्यमशीलता कौशल का प्रदर्शन

चमकता राजस्थान

पुणे। पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करना है, तो नवाचार, स्टार्टअप और उद्योगों को बढ़ावा देना होगा। युवा पीढ़ी को रोजगार सृजन और उद्यमशीलता को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसी के माध्यम से वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार होगा। 'कारोबार 9.0' जैसे आयोजनों से विद्यार्थियों को उद्यमिता की सीख मिल रही है, यह वक्तव्य विशेष पुलिस महानिरीक्षक सुनील फुलारी ने किया। सूर्यदत्त एजुकेशन फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय बी. चोरडिया ने कहा कि विद्यार्थियों में उद्यमशीलता, आत्मविश्वास और रोजगार सृजन की मानसिकता विकसित करने पर सूर्यदत्त संस्थान हमेशा से जोर देता रहा है।।विद्यार्थियों में उद्यमशील दृष्टिकोण, व्यावसायिक कौशल, प्रबंधन क्षमता और बाजार की समझ विकसित करने के उद्देश्य से सूर्यदत्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड मास कम्युनिकेशन (एसआईएमएमसी) तथा सूर्यदत्त इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (एसआईबीएमटी) की ओर से 'कारोबार 9.0 सूर्यभारत जननेक्स्ट स्टार्टअप फेस्ट' का आयोजन किया गया। सूर्यदत्त के बावधन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील फुलारी सहित पुणे इंटरनेशनल सेंटर के उपनिदेशक हृषीकेश धांडे, सूर्यदत्त की उपाध्यक्ष एवं सचिव सुषमा चोरडिया, अधिष्ठाता प्रो. डॉ. प्रतीक्षा वाबळे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षित कुशल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस अवसर पर पुलिस सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सुनील फुलारी को 'सूर्यदत्त राष्ट्रीय पु-रस्कार' से सम्मानित भी किया गया। पुरस्कार के स्वरुप में सूर्यदत्त का स्कार्फ, स्मृति चिह्न, स्वर्ण पदक और पुणेरी पगड़ी प्रदान की गई।

इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन आईटी विशेषज्ञ डॉ. दीपक शिकारपुर और प्रो. डॉ. संजय



बी. चोरडिया के हाथों हुआ। इस अवसर पर डॉ. अभिजित शाह, डॉ. पूनम वठारकर, डॉ. मिहिका कुलकर्णी, डॉ. कमलाकर मुंडे सहित अन्य उपस्थित थे। गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, उद्यमशील दृष्टिकोण और नए अवसर तलाशने के प्रयासों की सराहना की। इस अंतरमहाविद्यालयीन व्यावसायिक प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने भारत की यूनिकॉर्न स्टार्टअप कंपनियों के कारोबारी मॉडल, नवाचार, विपणन रणनीतियां, निवेश की यात्रा और विकास की कहानियां प्रस्तुत की।

सुनील फुलारी ने कहा, विद्यार्थियों ने सभी स्टार्टअप का बहुत अच्छे तरीके से प्रस्तुतिकरण किया। सूर्यदत्त में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उद्यमिता को हमेशा प्राथमिकता दी जाती है। हृषीकेश धांडे ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए वास्तविक व्यावसायिक जगत का अनुभव प्राप्त करने वाला साबित हुआ है। प्रो. डॉ. संजय बी. चोरडिया ने कहा, आज के प्रतिस्पर्धी कारोबारी जगत में केवल डिग्री या किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों में नवाचार, अनुसंधान की प्रवृत्ति, निर्णय लेने की क्षमता और व्यावसायिक अवसरों को पहचानने की योग्यता होना आवश्यक है। सुषमा चोरडिया ने बताया कि 'कारोबार 9.0' के अगले चरण में सूर्यभारत इंडस्ट्रियल रिसर्च ज्ञानपीठ (एसबीआईआरडी) के माध्यम से सूर्यदत्त संस्थान समूह के विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन और नवाचार विकास का एक विशेष मंच तैयार करने का प्रस्ताव है।

प्रो. डॉ. संजय बी. चोरडिया और सुषमा चोरडिया के मार्गदर्शन तथा सूर्यदत्त की सहयोगी उपाध्यक्ष स्नेहल नवलखा की प्रेरणा से प्रो. डॉ. प्रतीक्षा वाबळे के नेतृत्व में डॉ. विवेक स्वामी, डॉ. हर्षद भडंगे, डॉ. दीपाली देसाई, डॉ. सुनेत्रा गायतोंडे, डॉ. प्रल्हाद जोशी, डॉ. शीतल भुसारे, डॉ. ज्योती गायकवाड, डॉ. आनंद गायकवाड, प्रो. नीलम तोतलानी, प्रो. अंजली मुळीक, डॉ. रसिका दिघे, डॉ. प्रिया बरूहाटे और प्रो. प्रियांका वानखेडे ने विद्यार्थी समूहों का मार्गदर्शन किया। प्रो. डॉ. सुनील धनगर ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि डॉ. प्रतीक्षा वाबळे ने आभार व्यक्त किए। 'विकसित भारत @ 2047' के राष्ट्रीय संकल्प के अनुरूप यह महोत्सव युवाओं में उद्यमिता, नवाचार, कौशल विकास और रोजगार सृजन की सोच को प्रोत्साहित करने वाला साबित हुआ।

इस पहल के अंतर्गत बीबीए और एमबीए के विद्यार्थियों ने प्रौद्योगिकी, ई-कॉमर्स, वित्तीय सेवाओं, परिवहन, लॉजिस्टिक्स, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और उपभोक्ता सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों के 40 से अधिक लोकप्रिय व्यावसायिक ब्रांडों का प्रस्तुतिकरण किया। इनमें मेक माय ट्रिप, जोमैटो, इंडिया मार्ट, स्काईरूट एयरोस्पेस, इलास्टिकरन, फर्स्टक्राई, कार्स 24, पोर्टर, रिबेल फूड्स, ओला, पेटीएम, पॉलिसीबाजार, एथर एनर्जी, जेप्टो, रैपिडो, मीशो, नायका, बोट, वनएमजी, फोनपे, बिगबास्केट, ब्लिकिट, ओयो, फिजिक्सवाला, क्रेड, जोहो, भारतपे और जेरोधा सहित अनेक ब्रांड शामिल थे।

प्रदीप पूर्णेकर हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर कापूरबावड़ी पुलिस स्टेशन में सर्वदलीय धरना

सामाजिक कार्यकर्ता अजेय जया और कुछ पत्रकारों को पुलिस स्टेशन में रोके जाने की जानकारी

चमकता राजस्थान

प्रतिनिधि : अरविंद कोठारी ठाणे : प्रदीप पूर्णेकर हत्याकांड मामले में अब तक न्याय नहीं मिलने और कापूरबावड़ी पुलिस स्टेशन में कथित अमानवीय मारपीट के विरोध में सर्वदलीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कापूरबावड़ी पुलिस स्टेशन में धरना प्रदर्शन किया। पीड़ितों को न्याय दिलाने और इस मामले में दोषी पाए जाने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग आंदोलनकारियों ने की।

प्रदीप पूर्णेकर हत्याकांड के बाद संबंधित पीड़ितों को न्याय मिलने में हो रही देरी का मुद्दा उठाया गया। वहीं, पुलिस स्टेशन में कथित अमानवीय मारपीट के आरोपों



को लेकर भी नाराजगी जताई गई। आंदोलनकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। इसी बीच सामाजिक कार्यकर्ता अजेय जया और कुछ पत्रकारों को कापूरबावड़ी पुलिस स्टेशन में रोके जाने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, उन्हें कि-स कारण से रोका गया, इस संबंध में पुलिस प्रशासन की ओर से आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। आंदोलनकारियों की मांग है कि पूरे मामले की पारदर्शी जांच हो और पीड़ितों को जल्द न्याय मिले। पुलिस प्रशासन का आधिकारिक पक्ष सामने आने के बाद मामले की आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

कोटा के श्रमिक नेता मुकेश गालव राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के सदस्य मनोनीत।

चमकता राजस्थान लोकेश जोशी कोटा । राजस्थान के श्रमिक आंदोलन के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है कि कोटा के वरिष्ठ श्रमिक नेता एवं हिंद मजदूर सभा राजस्थान राज्य परिषद के महासचिव मुकेश गालव को भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड ' री४१३८ का सदस्य मनोनीत किया गया है। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना क्रमांक का. आ. 5884(अ), दिनांक 28 अक्टूबर 2026 के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 की धारा 6 के अंतर्गत आगामी तीन वर्षों के लिए राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड में श्री मुकेश गालव का नाम क्रम संख्या 8 पर सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।



भविष्य मालिका के रहस्यों का खुलासा: क्या युग परिवर्तन का समय निकट है?



चमकता राजस्थान गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़ बागोड़ा(जालोर): सदियों पहले संतों और भविष्यवक्ताओं द्वारा की गई भविष्यवाणियों को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सवाल हैं। इसी विषय पर आध्यात्मिक जानकारी देने के उद्देश्य से जालौर जिले में विभिन्न स्थानों पर संत रामपाल जी महाराज के सत्संग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें दूर-दराज के क्षेत्रों से अनेकों श्रद्धालु छएऊळश के माध्यम से प्रवचन सुनने पहुँचे। सत्संग के दौरान छएऊळश पर दिखाए गए वीडियो और प्रवचनों में भविष्य मालिका के रहस्यों पर विस्तार से जानकारी दी गई। संत रामपाल जी महाराज के प्रवचनों में बताया गया कि लोग कल्कि अवतार को किसी चमत्कारी योद्धा या सफेद घोड़े पर तलवार लेकर आसमान से उतरने वाले रूप में देखते हैं, जबकि भविष्य मालिका और पंडित काशीनाथ जी के विचारों के अनुसार, वह महापुरुष वेदों और शास्त्रों का गुप्त ज्ञान रखने वाला तत्वदर्शी संत होगा। सत्संग में भविष्य मालिका की भविष्यवाणियों और ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि लगभग 600 वर्ष पूर्व उड़ीसा में पंचसखाओं, जिनमें संत अच्युतानंद दास जी प्रमुख थे, ने भविष्यवाणियाँ की थीं कि जब कलियुग अपनी चरम सीमा पर होगा, तब भारत सहित पूरी दुनिया में सतभक्ति का प्रसार होगा। वीडियो में स्पष्ट किया गया कि आज गली-मोहल्लों में पर्चे निकालकर या भूत-प्रेत भगाने का दावा करने वाले ढोंगी बाबा असली कल्कि अवतार नहीं हैं, बल्कि भविष्य मालिका के प्रमाणों के अनुसार, वास्तविक महापुरुष वही है, जो वेदों, गीता, कुरान और शास्त्रों के अकाट्य प्रमाणों के आधार पर मोक्ष मार्ग और तीन नाम (ओम, तत, सत) की यथार्थ भक्ति-विधि बताए। इन पावन सत्संगों के अंत में श्रद्धालुओं को जागरूक करते हुए यह निष्कर्ष दिया गया कि वर्तमान में भविष्यवाणियों और शास्त्रों के प्रमाणों (जैसे गीता अध्याय 15 के श्लोक 4, 16-17 और भविष्य मालिका के संकेत) की कसौटी पर केवल पूर्ण तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज ही खरे उतरते हैं।

ओम सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षिजी के सान्निध्य में तिरुपति में अष्टलक्ष्मी सिद्धि महायज्ञ 18 से 26 दिसंबर तक होगा


श्री ब्रह्मर्षि आश्रम में होंगे वैदिक अनुष्ठान, हवन, भजन-संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रम

चमकता राजस्थान

तिरुपति। सिद्धेश्वर वर्ल्ड फाउंडेशन एवं सिद्धेश्वर सनातन संसार के तत्वावधान में श्री ब्रह्मर्षि आश्रम, तिरुपति में ओम सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षिजी पूज्य गुरुदेव के पावन सान्निध्य में नौ दिवसीय अष्टलक्ष्मी सिद्धि महायज्ञ का आयोजन आगामी माह की 18 से 26 दिसंबर तक किया जाएगा। माँ महालक्ष्मी के आठ दिव्य स्वरूपों की आराधना को समर्पित इस धार्मिक आयोजन में सुख-समृद्धि, आध्यात्मिक उन्नति और लोककल्याण की कामना के साथ विभिन्न वैदिक एवं आध्यात्मिक अनुष्ठान होंगे। आश्रम की उपासिका श्रीमती सरला बोथरा ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार, विशेष पूजन, हवन, आध्यात्मिक अनुष्ठान, भजन-संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं को जीवन जीने की कला से परिचित करवाने के लिए सिद्धासना योग विधि का प्रयोगात्मक अभ्यास भी कराया जाएगा।

आयोजन के चेयरमैन शिवलाल गोयल ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में माँ महालक्ष्मी को धन, धान्य, सौभाग्य, ऐश्वर्य, ज्ञान, साहस, विजय और समग्र समृद्धि की अधिष्ठात्री देवी माना गया है। इसी आध्यात्मिक भावना के साथ इस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन के अध्यक्ष संजय मालू ने बताया कि महायज्ञ का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सनातन धर्म की समृद्ध परंपराओं से जोड़ना, परिवार एवं समाज में सद्भाव और सेवा की भावना को बढ़ावा देना तथा सामूहिक रुप से माँ महालक्ष्मी के प्रति



अपनी श्रद्धा व्यक्त करने का अवसर प्रदान करना है। आश्रम की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती इंदु राठौड़ ने कहा कि नौ दिवसीय यह आयोजन श्रद्धा, साधना, सेवा, सकारात्मकता और आध्यात्मिक चेतना को समर्पित रहेगा। इसके माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, अध्यात्म और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। एडवाइजरी कमेटी के सदस्य घनश्याम मोदी ने बताया कि अष्टलक्ष्मी के आठ स्वरुप जीवन की विभिन्न प्रक-ार की समृद्धियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। समृद्धि का अर्थ केवल धन-संपत्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें ज्ञान, अन्न, साहस, सफलता, विवेक, पारिवारिक प्रेम और मानसिक संतुलन भी शामिल हैं। महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं को इन आठों स्वरूपों की महिमा समझने और वैदिक अनुष्ठानों में सहभागी बनने का अवसर मिलेगा। राजकुमार सिपानी ने कहा कि अष्टलक्ष्मी सिद्धि महायज्ञ के माध्यम से श्रद्धालु माँ महालक्ष्मी के समक्ष अपने परिवार की सुख-शांति, आजीविका में उन्नति, कार्यों में सफलता, समाज के कल्याण और आध्यात्मिक विकास की कामना करेंगे। आश्रम के सचिव हर्ष सरावगी ने बताया कि अष्टलक्ष्मी की आराधना में माँ के आठ दिव्य स्वरूपों का स्मरण किया जाता है। विभिन्न धार्मिक परंपराओं में कुछ स्वरुपों के नामों में अंतर मिलता है। महायज्ञ में निर्धारित पूजा-पद्धति के अनुसार सभी स्वरूपों की विधि-विधान से आराधना की जाएगी। उन्होंने बताया कि सनातन परंपरा में यज्ञ को देव आराधना, आत्मशुद्धि, त्याग, संकल्प और लोककल्याण का पवित्र माध्यम माना गया है। मंत्रोच्चार, अग्नि में आहुतियां अर्पित करने और सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से व्यक्ति अपनी आस्था एवं जीवन-मूल्यों के प्रति सजग होता है। यह आयोजन श्रद्धालुओं को धन एवं संसाधनों का सदुपयोग करने, जरूरतमंदों की सहायता करने और धर्मसम्मत मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देगा।

संक्षिप्त समाचार

अवैध रूप से स्थापित कबाड गौदामो द्वारा कचरा फैलाने वालों पर वार्ड 87मे बड़ा एक्शन, सात लोगों पर 70 हजार रुपये का जुर्माना

- 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप 2.0' के तहत स्वेज फार्म के महादेव चौराहे व करतारपुरा में कार्रवाई, बार-बार समझाइश के बावजूद नहीं सुधरे तो काटे चालान; कुछ दिन पहले भी 23 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था



चमकता राजस्थान जयपुर। जयपुर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के संकल्प के साथ नगर निगम जयपुर द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान एवं 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप 2.0' के तहत सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से कचरा ,कबाड़ का सामान, गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में वार्ड संख्या 87 की भाजपा पार्षद प्रतिभा शर्मा ने स्वेज फार्म स्थित महादेव चौराहे एवं करतारपुरा क्षेत्र में विशेष कार्रवाई करवाते हुए सात लोगों पर कुल 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

कार्रवाई के दौरान यह भी सामने आया कि संबंधित कबाड़ गोदामों में अग्निशमन सुरक्षा के लिए आवश्यक अग्निशमन यंत्र तक उपलब्ध नहीं थे। वहीं, इन गोदामों का अवैध रूप से संचालन किए जाने और आसपास कचरा एवं कबाड़ का सामान फैलाने से स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सुरक्षा मानकों की अनदेखी से आगजनी जैसी अप्रिय घटनाओं की आशंका भी बनी हुई थी।

कार्रवाई के दौरान वजीर पुत्र इमामी पर 15 हजार रुपये, मोईन पुत्र मोहम्मद अकरम पर 11 हजार रुपये, मोहम्मद जाकिर पुत्र अब्दुल रहमान पर 11 हजार रुपये, फजरूद्दीन पुत्र जुम्मा शाह पर 10 हजार रुपये, मनोज पर 1 हजार रुपये, विक्की पर 2 हजार रुपये तथा उमर फारूख पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

इस कार्रवाई में स्थानीय सीएसआई पवन जाजोटर, एसआई अशोक एवं जमादार प्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कचरा फैलाने वालो को कई बार समझाइश देकर सार्वजनिक स्थानों पर कचरा एंव कबाड़ का सामान नहीं फैलाने के लिए चेताया गया, लेकिन बार-बार समझाने के बावजूद नियमों की अवहेलना जारी रहने पर चालान की कार्रवाई की गई।

उल्लेखनीय है कि वार्ड 87 में स्वच्छता व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ पूर्व में भी सख्त रुख अपनाया गया था। कुछ दिन पहले ही सफाई व्यवस्था को प्रभावित करने एवं सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ 23 हजार रुपये के चालान बनाए गए थे। इस अवसर पर पार्षद प्रतिभा शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकना,कबाड़ का सामान फैलानाऔर गंदगी फैलाना न केवल शहर की सुंदरता को प्रभावित करता है, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक है।

उपराष्ट्रपति ने राजस्थान के 6 किडनी ट्रांसप्लांट खिलाड़ियों को किया सम्मानित

चमकता राजस्थान अविनाश शर्मा नई दिल्ली/जयपुर। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 1 नवंबर को आयोजित नेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट गेम्स 2026 के उद्घाटन समारोह में भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने राजस्थान के छह किडनी ट्रांसप्लांट खिलाड़ियों को वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स 2025, जर्मनी में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उपलब्धियों के लिए स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में हर्षवर्धन सिंह, भवानी सिंह, अमित कुमार शर्मा, हितेश शर्मा, रामदेव सिंह एवं अंकित कुमार शामिल रहे। इन सभी खिलाड़ियों का किडनी प्रत्यारोपण हो चुका है, लेकिन जीवन की कठिन परिस्थितियों और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करते हुए इन्होंने खेलों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इस अवसर पर माननीय उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने अपने संबोधन में ट्रांसप्लांट खिलाड़ियों के साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और जीवन के प्रति उनके सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने कहा कि गंभीर शारीरिक चुनौतियों और अंग प्रत्यारोपण जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद इन खिलाड़ियों ने हार नहीं मानी और अपनी मेहनत, आत्मविश्वास तथा जिजीविषा के बल पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

33 वर्षीय कमला देवी रावत ने संभाली जाटिया ग्राम पंचायत की कमान, विकास कार्यों को देंगी गति

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया पदभार ग्रहण, पूर्व सरपंच सोहन सिंह रावत सहित ग्रामीणों ने किया स्वागत; 111 मतों से दर्ज की जीत


चमकता राजस्थान

रघुनंदन पारीक, श्रीनगर (अजमेर)। श्रीनगर के निकट ग्राम पंचायत जाटिया में नवनिर्वाचित सरपंच कमला देवी रावत ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया। महज 33 वर्ष की उम्र में ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी संभालने वाली कमला देवी के सामने अब गांव के विकास को नई दिशा देने और ग्रामीणों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की चुनौती होगी।

पदभार ग्रहण के अवसर पर पूर्व सरपंच सोहन सिंह रावत, उपसरपंच बलवीर सिंह सहित वार्ड पंच और ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच का अभिनंदन करते हुए उन्हें गांव के विकास के लिए शुभकामनाएं दीं और आशीर्वाद प्रदान किया।

● 111 मतों से जीतकर बनीं सरपंच

ग्राम पंचायत जाटिया के सरपंच चुनाव में कमला देवी रावत ने 805 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी शांति को



111 मतों से हराया, जिन्हें 694 मत मिले। वहीं सोना को 583 और संजू को 14 मत प्राप्त हुए।

● सड़क, चिकित्सा और शिक्षा पर रहेगा जोर

पदभार ग्रहण करने के बाद नवनिर्वाचित सरपंच कमला देवी रावत ने कहा कि गांव का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता रहेगा। वे विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करेंगी।

उन्होंने कहा कि गांव में आवागमन के साधनों को बेहतर बनाने, चिकित्सा सुविधाओं में सुधार, शिक्षा को बढ़ावा देने, स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने और गांव में आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

● पूर्व सरपंच के अनुभव का भी मिलेगा लाभ

ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में पूर्व सरपंच सोहन सिंह रावत के अनुभव का लाभ लेने की भी उम्मीद है। ग्रामीणों का मानना है कि उनके अनुभव और नई सरपंच के नेतृत्व से गांव में विकास कार्यों को गति मिल सकती है।

कमला देवी रावत ने सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ काम करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि वे सभी ग्रामीणों को साथ लेकर पंचायत को विकास की राह पर आगे बढ़ाएंगी।

पदभार ग्रहण समारोह के दौरान ग्रामीणों ने नई पंचायत से गांव की मूलभूत समस्याओं के समाधान, बेहतर सुविधाओं और विकास कार्यों को लेकर उम्मीद जताई।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा : सनातन संस्कृति का सम्मान, आस्था का स्वाभिमान और धर्म के राजनीतिकरण पर वैचारिक विमर्श।

चमकता राजस्थान

गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़ मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता आदरणीय श्री दिग्विजय सिंह जी द्वारा उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा में राजगढ़ जिले में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीय श्री रघुराज सिंह हाड़ा जी भी साथ रहे। आदरणीय दिग्विजय सिंह जी असाधारण व्यक्तित्व के धनी हैं। उनकी लोकप्रियता केवल मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं, बल्कि पू-रे देश में है। आमजन की समस्या हो, किसी पीड़ित को न्याय दिलाने की बात हो या उद्योग जगत से जुड़ा विषय–वे सदैव लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। यही कारण है कि जनता उन्हें दिल से चाहती है।



राजगढ़ जिला उनके राजनीतिक जीवन की कर्मभूमि रहा है। यहीं से उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की और सांसद सहित अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। जैसे ही यह यात्रा राजगढ़ पहुंची, जनसमर्थन का विशाल सैलाब उमड़ पड़ा। जनता का अपार स्नेह और समर्थन दे-खकर मैं स्वयं भी अत्यंत अभिभूत हुआ।

इस यात्रा की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसने कांग्रेस के भीतर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सहभागिता को लेक-र रही झिझक को दूर करने का भी काम किया है। अब कांग्रेस के साथी प्रत्येक सभा में खुलकर अपने विचार रख रहे हैं। एक बात स्पष्ट रूप से सामने आ रही है कि धर्म आस्था, संस्कार और आत्मसम्मान का विषय है, इसे राजनीतिक स्वार्थ का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए।

● हमारी सनातन संस्कृति का मूल संदेश है–

सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः।

धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी ने अयोध्या में राम मंदिर के द्वार खुलवाने की ऐतिहासिक पहल की थी। सनातन संस्कृति और धार्मिक आस्था का सम्मान हमारी भारतीय परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहा है।

आज आमजन धर्म के नाम पर होने वाली राजनीति और धार्मिक आस्था से जुड़े सवालों को समझ रहा है। भगवान को अर्पित की जाने वाली भेंट और चढ़ावे की पारदर्शिता तथा श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान भी इस यात्रा के महत्वपूर्ण विषयों में शामिल हैं।

जीवी मावलंकर नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में हसनैन ने जीते सिल्वर मेडल, राजस्थान का नाम किया रोशन

- टीम इंडिया में सलेक्शन के लिए कर रहे कड़ी तैयारी।



चमकता राजस्थान लोकेश जोशी नेशनल राइफल एसोसिएशन की ओर से आयोजित जीवी मावलंकर नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप देहरादून में आयोजित की गई, जिसमें संत सुधा सागर पब्लिक स्कूल के प्रतिभावान छात्र नेशनल शूटर गोल्ड मेडलिस्ट मो. हसनैन ने भाग लिया। हसनैन ने अपनी शूटिंग 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में खेलकर 353 का स्कोर हासिल किया। इस स्कोर के साथ नेशनल चैंपियन शिप सैकेंड रैंक हासिल कर 2 सिल्वर मेडल प्राप्त कर राजस्थान का नाम रोशन किया। हसनैन पूर्व में पेरा ओलंपिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित जोनल चैंपियन शिप देहरादून में ब्रॉन्ज मॉडल हासिल कर चुके है। जसपाल राणा नेशनल शूटिंग चैंपियन शिप देहरादून में 2 गोल्ड मेडल ला चुके हे। 45 जोनल चैंपियन शिप में 2 सिल्वर मेडल ला चुके हैं। कुंवर सुरेंद्र सिंह इंटर स्कूल चैंपियन शिप में गोल्ड जीत चुके है। राजस्थान राइफल एसोसिएशन में आयोजित स्टेट चैम्पियन शिप में सिल्वर मेडल जीता हैं। हसनैन ने कई बार नेशनल चैंपियन शिप में भाग लिया हे। हाल ही में पैरा ओलंपिक कमेटी इंडिया के द्वारा आयोजित टीम ट्रायल्स इंदौर में भाग लिया है। हसनैन अब नेशन चैंपियन नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेंगे और पैरा ओलंपिक की तरफ से आयोजित 3 और 4 ट्रायल्स में भाग लेंगे। हसनैन अभी श्री गुरुकुल शूटिंग एकेडमी लोहा मंडी जयपुर इंटरनेशन कोच सचिन शेखावत से ट्रेनिंग ले रहे हैं, कोच का मानना है कि अब टीम इंडिया के सलेक्शन के लिए कड़ी मेहनत कर रहे और प्रयास कर रहे हैं कि वह देश के लिए खेले और भारत का नाम रोशन करें।

विजेता क्रिकेट टीम का नर्सिंग एसोसिएशन द्वारा स्वागत

चमकता राजस्थान

जोधपुर चंद्रप्रकाश मेघवाल 'अखिल राजस्थान नर्सिंग एवं पैरामेडिकल की कोरोना वारियर क्रिकेट प्रतियोगिता मे विजेता रहने पर जोधपुर की सनसिटी इलेवन टीम का राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जिला शाखा जोधपुर द्वारा भव्य स्वागत किया गया। महात्मा गांधी अस्पताल के सेमिनार हॉल में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त प्राचार्य एवं अधीक्षक डॉ फतेह सिंह भाटी रहे साथ ही क्रीड़ा भारती एवं उड़ान फाउंडेशन के अध्यक्ष वरुण धनाडिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जगदीश जाट के नेतृत्व में



आयोजित समारोह में सभी क्रिकेट खिलाड़ियों का साफा पहनाकर दुपट्टा ओढ़ा कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। तत्पश्चात मथुरादास माथुर चिकित्सालय के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र (जनाना विंग) में आयोजित स्वागत कार्यकम में सभी खिलाड़ियों का नागरिक अभिनंदन किया गया। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर के महासचिव बसन्त रोयल ने बताया कि स्वागत कार्यक्रम में कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक मंजू शर्मा, आशीष मीणा, मामायदान चारण , विनोद बम्बानिया, सियोना कलासुआ , मनीष राजपुरोहित के साथ नर्सिंग एसोसिएशन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे । सभी पदाधिकारियों ने क्रिकेट टीम के कप्तान विकास मीणा के साथ नरेश नवल, विनोद बाघेला, भगवान मीणा, भूपेन्द्र परिहार, दिनेश चौहान, पीयूष रतनू, सुनील मेघवाल, सुशांत, अश्विन चोहान, सी पी सिंह, कालूराम कटारा, ललित, मयंक, महेन्द्र मेघवाल, भरत बिश्नोई एवं सुरेन्द्र पटेल सहित सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नर्सेज एसोसिएशन के महासचिव बसन्त रोयल ने बताया कि खिलाड़ियों द्वारा राज्य स्तर पर विजेता बनना जोधपुर के मान सम्मान को बढ़ाने वाला गौरवमयी पल है । उन्होंने इस प्रतियोगिता को खिलाड़ियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिये हितकारी होने के साथ ही यह सम्पूर्ण नर्सेज समुदाय में जोश और जज्बा बढ़ाने वाला कदम बताया है।

मांडल की नवनिर्वाचित सरपंच ज्योति विकास सुवालका ने 3477 मतों से दर्ज की ऐतिहासिक जीत, शपथ ग्रहण कर संभाली जिम्मेदारी

- मांडल को विकास, सुशासन और जनसुविधाओं की नई पहचान दिलाने का संकल्प, जनहित के मुद्दों पर संवाददाता महेश कुमार बिड़ला ने की विशेष चर्चा।





चमकता राजस्थान महेश कुमार बिड़ला / संवाददाता, मांडल (भीलवाड़ा) मांडल ग्राम पंचायत की नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती ज्योति विकास सुवालका ने 3477 मतों से ऐतिहासिक विजय हासिल कर गांव में एक नई पहचान कायम की। आज आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उन्होंने सरपंच पद की शपथ ग्रहण कर ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर संवाददाता महेश कुमार बिड़ला ने नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती ज्योति विकास सुवालका से मुलाकात कर गांव के प्रमुख जनहित मुद्दों पर चर्चा की। बातचीत के दौरान पेयजल व्यवस्था, बिजली, सड़क, नालियों, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधाओं, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण सहित गांव के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान संवाददाता महेश कुमार बिड़ला ने उन्हें ऐतिहासिक जीत एवं नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ आपको यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरना ही सच्चे जनप्रतिनिधित्व की पहचान है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आपके नेतृत्व में मांडल गांव विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। गांव में बेहतर सड़कें, पर्याप्त पेयजल, सुचारु बिजली व्यवस्था, स्वच्छ वातावरण, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा के अवसर और आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान हो। मांडल को एक स्वच्छ, सुंदर, समृद्ध एवं विकसित ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास हों, जहां प्रत्येक वार्ड और प्रत्येक परिवार तक विकास की रोशनी पहुंचे। विकास कार्यों में पारदर्शिता, जनभागीदारी और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की भावना सर्वोपरि रहे।

दिवा में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) का समर्थन

फेरीवालों पर कार्रवाई जारी रखने की मांग; सहायक आयुक्त प्रवीणकुमार फड और कर्मचारियों पर हमले की निंदा

चमकता राजस्थान

प्रतिनिधि : अरविंद कोठारी दिवा : दिवा शहर में अनधिकृत फेरीवालों और फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ ठाणे महानगरपालिका की दिवा प्रभाग समिति द्वारा शुरू की गई कार्रवाई को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने अपना समर्थन दिया है। पार्टी ने प्रशासन से मांग की है कि नागरिकों को होने वाली परेशानी, यातायात जाम और फुटपाथों पर हुए अतिक्रमण को देखते हुए यह अभियान बिना किसी राजनीतिक दबाव के लगातार जारी रखा जाए। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दिवा शहर में फुटपाथों पर अतिक्रमण के कारण आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई सराहनीय है। प्रशासन को किसी के दबाव में आए बिना अतिक्रमण हटाने की मुहिम जारी रखनी चाहिए।

● अधिकारी-कर्मचारियों पर हमले की निंदा

मुंब्रादेवी कॉलोनी परिसर में



अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त प्रवीणकुमार फड और उनके सहयोगियों पर कथित पथराव एवं हमले की घटना की पार्टी ने कड़ी निंदा की। पार्टी ने कहा कि सरकारी ड्यूटी निभा रहे अधिकारियों और कर्मचारियों पर हमला करना निंदनीय है। इस मामले में कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ प्रशासन को सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने स्पष्ट किया कि दिवा शहर को अतिक्रमणमुक्त बनाने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी प्रशासन के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

● सहायक आयुक्त को सौंपा समर्थन पत्र

दिवा शहर प्रमुख सचिन पाटील के नेतृत्व में उपजिला प्रमुख एडवोकेट रोहिदास मुंडे, विधानसभा संघटक योगिता मोरे नाईक, महिला शहर समन्वयक प्रियंका सावंत, उपविभाग प्रमुख सचिन म्हात्रे, नितिन सावंत और राजकुमार गुप्ता की उपस्थिति में सहायक आयुक्त प्रवीणकुमार फड को ज्ञापन एवं समर्थन पत्र सौंपा गया। इस दौरान पार्टी के अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

दरगाह कमेटी, दोनों अंजुमन और हफ्त बारिदारान के बीच बनी सहमति, करीब 26 साल बाद होगा मरम्मत और सौंदर्यीकरण का काम।



चमकता राजस्थान मोहम्मद इरफान अंसारी अजमेर।राजस्थान के अजमेर शरीफ से इस वक्त एक बड़ी और अहम खबर सामने आ रही है। विश्व प्रसिद्ध सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह शरीफ के ऐतिहासिक गुंबद की जल्द ही मरम्मत कराई जाएगी। इतना ही नहीं, गुंबद पर लगे सोने के ताज की भी रिपेयरिंग के साथ सुनहरी पॉलिश कराई जाएगी, जिससे ऐतिहासिक गुंबद को एक बार फिर नई चमक और खूबसूरती मिलेगी।

दरअसल, दरगाह शरीफ के आस्ताने के गुंबद के प्लास्टर में जगह-जगह दरारें आने और नुकसान पहुंचने के बाद इसकी मरम्मत की जरूरत महसूस की जा रही थी। करीब दो साल पहले भी दरगाह कमेटी की ओर से दरारों को ठीक कराने का प्रयास किया गया था, लेकिन कुछ महीनों बाद दरारें दोबारा दिखाई देने लगीं।

इसी को लेकर हाल ही में दरगाह कमेटी, अंजुमन सैयदजादगान, अंजुमन शेखजादगान और हफ्त बारिदारान की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में गुंबद की मरम्मत और सोने के ताज की पॉलिश कराने को लेकर सभी के बीच रजामंदी बनी।

बताया जा रहा है कि दरगाह कमेटी की ओर से खादिम सैयद यासिर हाशमी को इस कार्य के लिए इजाजत दी गई है। वहीं, गुंबद की मरम्मत और उसे नया रूप देने के लिए डिजाइन भी मांगा गया है।

आपको बता दें कि आस्ताने शरीफ के गुंबद पर संदले का काम वर्ष 2000 से पहले कराया गया था। अब लगभग 26 साल बाद एक बार फिर गुंबद की मरम्मत और सौंदर्यीकरण की तैयारी की जा रही है। इसके तहत सोने के ताज को गुंबद से उतारकर उसकी रिपेयरिंग और सुनहरी पॉलिश कराई जाएगी।

खुद्दामे ख्वाजा के मुताबिक, हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह शरीफ करीब 800 साल पुरानी है, जबकि इसका ऐतिहासिक गुंबद 16वीं सदी में बनवाया गया था। वहीं, आस्ताने शरीफ में चांदी का कटहरा वर्ष 1616 में लगवाया गया था।

इस पूरे मामले पर दरगाह कमेटी के नाजिम मोहम्मद बिलाल खान का कहना है कि गुंबद की मरम्मत के लिए इजाजत दे दी गई है। मरम्मत में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर दरगाह कमेटी और खुद्दामे ख्वाजा की अहम बैठक होगी। इस बैठक में यह भी तय किया जाएगा कि मरम्मत का काम आगामी उर्स से पहले कराया जाए या उर्स के बाद।

नारी जन जागृति संस्थान ने की भारत माता की आरती



चमकता राजस्थान ब्यावर 1नवंबर महीने का पहला रविवार नारी जन जागृति संस्थान का भारत माता की आरती का दिन अध्यक्ष ममता गुप्ता ने बताया कि विगत 8 वर्षों से संस्थान द्वारा महीने के पहले रविवार को भारत माता सर्किल पर संस्थान द्वारा भागवत परिवार के सहयोग से भारत माता की आरती की जाती है।उसी क्रम में आज भी संस्थान की संगठन मंत्री आशा मूंदड़ा द्वारा भारत माता का श्रृंगार किया उसके बाद आरती कर माता रानी से देश की शांति ओर खुशहाली की प्रार्थना की गई फिर संस्थान द्वारा प्रसाद वितरण किया गया

मीडिया प्रभारी मोनिका राजावत ने बताया कि आरती में भागवत परिवार ओर संस्थान सदस्य मौजूद रहे

36 वर्षीय नरेंद्र सिंह रावत 'नंदू बना' ने संभाली बीर ग्राम पंचायत की कमान, विकास को देंगे प्राथमिकता

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया पदभार ग्रहण, उपसरपंच आरिफ खान सहित वार्ड पंचों और ग्रामीणों ने किया अभिनंदन; 113 मतों से दर्ज की जीत

चमकता राजस्थान

रघुनंदन पारीक, श्रीनगर (अजमेर)। श्रीनगर के निकट ग्राम पंचायत बीर, पंचायत समिति बड़ल्या में नवनिर्वाचित सरपंच नरेंद्र सिंह रावत (नंदू बना) ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया। महज 36 वर्ष की उम्र में ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी संभालने वाले नंदू बना का ग्रामीणों ने माल्यार्पण और साफा पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें गांव के विकास के लिए शुभकामनाएं दीं।

पदभार ग्रहण समारोह में उपसरपंच आरिफ खान सहित वार्ड पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान कल्याण रविदास, बीरम रावत, गोविंद रावत, रामदेव प्रजापत, जय सिंह रावत और पूर्व सरपंच राम सिंह रावत सहित ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच का अभिनंदन किया और आशीर्वाद दिया। पूर्व सरपंच सायरा बानो का भी उन्हें आशीर्वाद मिला।

● 113 मतों से जीतकर बने सरपंच

ग्राम पंचायत बीर के सरपंच चुनाव में नरेंद्र सिंह रावत (नंदू बना) ने 1,565 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जगदीश गुर्जर को 113 मतों से पराजित किया, जिन्हें 1,452 मत मिले। वहीं शंकर सिंह रावत को 687 और धर्मराज गुर्जर को 377 मत प्राप्त हुए।

● गांव का विकास और मूलभूत सुविधाएं रहेंगी प्राथमिकता

कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवनिर्वाचित सरपंच नरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि वे गांव को अपना परिवार मानकर सेवा करेंगे। उनका मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत का समग्र विकास करना और ग्रामीणों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ काम करने का संकल्प लिया।



उन्होंने बताया कि गांव में आवागमन के साधनों को बेहतर बनाना, चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार, शिक्षा को बढ़ावा देना, स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करना और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। साथ ही यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र ग्रामीणों तक पहुंचे और गांव में आपसी भाईचारे एवं सद्भाव का माहौल बना रहे।

● गौशाला और गोसेवा पर भी रहेगा विशेष ध्यान

नवनिर्वाचित सरपंच नरेंद्र सिंह रावत पूर्व में स्वयं गौशाला का संचालन कर चुके हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि उनके कार्यकाल में गोसेवा और गौशाला से जुड़े कार्यों को भी प्राथमिकता मिलेगी। इस अवसर पर गौमाता का आशीर्वाद मिलने की बात भी कही गई।

● ग्रामीणों के स्नेह से भावुक हुए हाजी मुराद अली

समारोह के दौरान पूर्व सरपंच के पुत्र हाजी मुराद अली ग्रामीणों का स्नेह देखकर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि बीर गांव के लोगों का उनके प्रति प्रेम और सम्मान देखकर वे भावुक हैं।

उन्होंने नवनिर्वाचित सरपंच को सहयोग देने की बात कही, ताकि गांव के विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके।

कार्यभार ग्रहण समारोह में ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि नई पंचायत के नेतृत्व में गांव की मूलभूत समस्याओं का समाधान होगा और विकास कार्यों को गति मिलेगी। नवनिर्वाचित सरपंच ने भी सभी ग्रामीणों को साथ लेकर निष्पक्षता और समर्पण के साथ पंचायत की जिम्मेदारी निभाने का भरोसा दिलाया।

अपना घर सेवा समिति बाड़ी 2 दिसंबर को आयोजित करेगी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन, 51 जोड़ों का होगा निःशुल्क विवाह

चमकता राजस्थान

धौलपुर संवाददाता :रामदास तरुण बाड़ी। अपना घर सेवा समिति बाड़ी की पुरुष एवं महिला इकाई की संयुक्त बैठक रविवार को अपना घर आश्रम के अध्यक्ष सुनील गर्ग कंपनी परिवार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 2 दिसंबर 2026 को अपना घर आश्रम, बसेड़ी रोड बाड़ी में सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में 51 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। सामूहिक विवाह सम्मेलन के संयोजक के रूप में शिव शंकर बिंदल तथा सहसंयोजक के रूप में सुनील गर्ग कंपनी परिवार को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। वर एवं वधू पक्ष से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। सम्मेलन में शामिल होने के इच्छुक पात्र परिवार 20 नवंबर 2026 तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। पंजीयन के लिए मुनीष बंसल (मेडिकल वाले), रिंकू कुशवाहा, रवि मोदी (सर्राफ), विष्णु महेरे एवं हरिओम सिंघल (सेवानिवृत्त अध्यापक) से संपर्क किया जा सकता है। समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा ने बताया कि इस पुनीत पहल का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों, विशेषकर अनाथ एवं निर्धन परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानपूर्वक संपन्न कराने में सहयोग करना है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन सामाजिक समरसता, आपसी सहयोग एवं समानता की भावना को मजबूत करते हैं।



आश्रम के अध्यक्ष सुनील गर्ग कंपनी परिवार ने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह पूरी तरह निःशुल्क आयोजित किया जाएगा, ताकि आर्थिक अभाव किसी भी बेटी के विवाह में बाधा नहीं बने। वहीं सम्मेलन के संयोजक शिव शंकर बिंदल ने जिले एवं आसपास के सभी समाजों के लोगों से अधिक से अधिक पात्र जोड़ों का पंजीयन कराने तथा इस सामाजिक एवं पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान करने की अपील की। बैठक में बंटू गर्ग (नादनपुर वाले), राकेश गर्ग कंपनी परिवार, मनोज मोदी, गोपालदास गर्ग, हरिओम सिंघल, विष्णु महेरे, रिंकू कुशवाहा, रामनिवास गर्ग, हरिओम गर्ग, कपिल गर्ग, राधेश्याम मंगल, नीरज गौड़, अमित मंगल (पार्षद), अनिल मंगल पप्पन, अजय गोयल, विजय सिंघल डेयरी सहित समिति के कार्यकारिणी सदस्य कमलेश आर्य, ऊषा मित्तल, नीलम मंगल, लता मंगल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। अपना घर सेवा समिति की यह पहल सामाजिक समरसता, सेवा, सहयोग एवं जरूरतमंद परिवारों के सम्मानपूर्ण जीवन की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

वरिष्ठ अध्यापक सुरेश चंद्र कौशल हुये सेवानिवृत्त, विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणों ने भावभीनी विदाई देकर किया सम्मानित



चमकता राजस्थान धौलपुर संवाददाता :रामदास तरुण बाड़ी। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गढ़ी खिराना, तहसील बाड़ी, जिला धौलपुर में वरिष्ठ अध्यापक सुरेश चंद्र कौशल की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विद्यालय स्टाफ, परिजनों, ग्रामीणों एवं समाजसेवियों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके लंबे शैक्षणिक सेवाकाल और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देता, बल्कि उनके जीवन को सही दिशा देने के साथ समाज और राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सुरेश चंद्र कौशल ने अपने सेवाकाल में पूरी निष्ठा, लगन और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनका कार्यकाल अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणादायक रहेगा। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी अमर देवी, पुत्र श्रीकांत, प्रियंका देवी, सहित बच्चू सिंह, राजवीर सिंह कौशल अध्यापक, चंदन सिंह वरिष्ठ अध्यापक, चंद्रभान सिंह व्याख्याता, सेवानिवृत्त वरिष्ठ अध्यापक मांगीलाल, अध्यापक लक्ष्मण सिंह, श्रीराम शाक्य एवं महावीर सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षक, कुमरपाल प्रधानाचार्य, समाजसेवी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।समारोह में उपस्थित लोगों ने सुरेश चंद्र कौशल का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत- सम्मान किया। साथ ही उन्हें स्मृति चिह्न एवं शुभकामनाएं भेंट कर उनके सुखद, स्वस्थ एवं मंगलमय सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। भावुक माहौल में आयोजित इस समारोह में सहकर्मियों एवं ग्रामीणों ने उनके साथ बिताए गए अनुभव साझा किए। विदाई के दौरान उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। सभी ने उनके सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और शैक्षणिक सेवाओं को याद करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति सरकारी सेवा से होती है, समाज और विद्यार्थियों के प्रति शिक्षक का योगदान सदैव बना रहता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने उनके प्रति सम्मान, स्नेह और आत्मीयता को प्रदर्शित किया।

नवनिर्वाचित सरपंचों का डॉ. श्यामसुंदर मीना ने किया स्वागत एवं सम्मान

चमकता राजस्थान

लक्ष्मणगढ़(नरेन्द्र तिलकपुर) लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में नवनिर्वाचित सरपंचों के स्वागत एवं सम्मान का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में डॉ. श्यामसुंदर मीना ने क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंचों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया।

इस दौरान गढ़ी सवाईराम के सरपंच नंदू यादव, नारनौल खुर्द के सरपंच प्रेम पटेल के पिता बच्चू सिंह गुर्जर, हरसाना सरपंच मुकेश पटेल, हसनपुर-सजनपुरी-बहरपुरी सरपंच रूपी खान एवं उनके भतीजे अरमान, बिचगांव सरपंच टिंकू के पिता रामखिलाड़ी मीना, झालाटाला सरपंच सुरेश मीना, खेड़ा मंगल सिंह सरपंच बोदन राम मीना, हाड़ौली सरपंच आजाद सिंह गुर्जर तथा बनावड़ सरपंच अमरचंद मीना का स्वागत एवं सम्मान किया गया।



डॉ. श्यामसुंदर मीना ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे जनभावनाओं के अनुरूप गांवों के विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे तथा सर्वसमाज को साथ लेकर क्षेत्र की प्रगति में योगदान देंगे।

महावीर शिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय अंतर्दलीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन, विजेताओं का हुआ सम्मान



चमकता राजस्थान भरत कुमार गांधी रानी। स्थानीय महावीर शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित महावीर द स्कूल और महावीर उच्च माध्यमिक विद्यालय, रानी में तीन दिवसीय अंतर्दलीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रानी के प्रधानाचार्य संजीव रेहान, एरडअ के डायरेक्टर सम्पत कुमार सोलंकी और प्रसिद्ध समाजसेवी जयंतीलाल जैन बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका रानी के अध्यक्ष बाबूलाल भाट के प्रतिनिधि मनीष बंजारा तथा पार्षद रघुदत्त गौतम ने की। मुख्य अतिथि उद्योगपति भरत भंडारी के प्रतिनिधि के रूप में जिनित जैन और ईशिता भंडारी ने शिरकत की। मुख्य अतिथि उद्योगपति भरत भंडारी की ओर से खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले 186 विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए कोच जयपालसिंह और हितेश सिंह को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कॉस्को स्पोर्ट्स कंपनी, दिल्ली के डायरेक्टर्स ने फोन पर खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संस्थान के डायरेक्टर राघव प्रसाद पांडेय ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सह-शैक्षणिक व खेलकूद गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और पधारे सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय ने विद्यालय की भावी खेलकूद योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए आगामी वार्षिक योजना में नए खेलों को शामिल करने की रूपरेखा प्रस्तुत की और सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता मदनलाल भाट ने किया।

जिला कलेक्टर निधि बीटी ने मतदाताओं से की निर्भीक होकर मतदान करने की अपील, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

चमकता राजस्थान

धौलपुर संवाददाता :रामदास तरुण धौलपुर। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तृतीय चरण के मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर श्रीमती निधि बीटी ने व्यापक व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए मतदाताओं से निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी डर, दबाव या प्रलोभन के लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाए। जिला कलेक्टर निधि बीटी ने बताया कि संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। वहीं अन्य सभी मतदान केंद्रों पर भी शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि मतदान करने के बाद मतदान केंद्र पर अनावश्यक रूप से नहीं रुकें तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की शिकायत के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। सभी जोनल मजिस्ट्रेट, एरिया मजिस्ट्रेट एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक संपर्क नंबर उपलब्ध करवाए गए हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।



● 4 लाख 12 हजार 371 मतदाता करेंगे मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तृतीय चरण में कुल 4 लाख 12 हजार 371 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें पंचायत समिति बाड़ी के 1 लाख 39 हजार 119 मतदाता, धौलपुर के 1 लाख 33 हजार 23 मतदाता तथा सैपऊ के 1 लाख 40 हजार 229 मतदाता शामिल हैं।

बाड़ी में 76 हजार 161 पुरुष एवं 62 हजार 958 महिला, धौलपुर में 71 हजार 86 पुरुष एवं 61 हजार 937 महिला तथा सैपऊ में 74 हजार 76 पुरुष एवं 66 हजार 153 महिला मतदाता मतदान करेंगे। 126 ग्राम पंचायतों में 426 बूथों पर होगी मतदान प्रक्रिया उन्होंने बताया कि तृतीय चरण में 126 ग्राम पंचायतों में 426 बूथ बनाए गए हैं। चुनाव के लिए जिला परिषद के 17 वार्ड, पंचायत समिति के 79 वार्ड तथा पंचों के 1320 पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। मतदान व्यवस्था के लिए धौलपुर में 18 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 4 एरिया मजिस्ट्रेट, बाड़ी में 17 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 3 एरिया मजिस्ट्रेट तथा सैपऊ में 14 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 2 एरिया मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जिला कलेक्टर निधि बीटी ने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए उत्साहपूर्वक मतदान करने तथा प्रशासन को शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में सहयोग देने की अपील की।

दिवाली से पहले बाजार ने पकड़ी रफ्तार, सेंसेक्स में 900 अंकों की बढ़त, निफ्टी में 1 प्रतिशत की तेजी

मुंबई/एजेंसी।



मजबूत घरेलू और वैश्विक संकेतों के चलते हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार मजबूती के साथ हरे निशान में खुला। अमेरिकी-ईरान वार्ता में सफलता की उम्मीदों के चलते कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के कारण प्रमुख बेंचमार्क सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा तक की तेजी दर्ज की गई।

बीएसई सेंसेक्स पिछले बंद भाव 74,459.53 के मुकाबले 75,178.24 पर खुला, जो 718.71 अंकों या 0.96 प्रतिशत की तेजी को दर्शाता है। वहीं, एनएसई निफ्टी 50 ने अपने पिछले बंद भाव 23,053.10 से 169.2 अंक या 0.73 प्रतिशत उछलकर 23,222.30 पर सत्र की शुरुआत की।

दिन के कारोबार में सेंसेक्स ने 906.53 अंकों यानी 1.21 प्रतिशत की तेजी दर्ज करते हुए 75,366.06 का उच्चतम स्तर छुआ, जबकि निफ्टी ने 248.15 अंकों यानी 1.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,301.25 का उच्चतम स्तर छुआ।

व्यापक बाजारों में, निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.83 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली तो वहीं निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.63 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

वहीं सेक्टरवार देखें तो, सबसे ज्यादा मजबूती ऊर्जा क्षेत्र में देखने को मिली। निफ्टी ऑयल एंड गैस सूचकांक 2 प्रतिशत से अधिक उछल गया। इसके अलावा निफ्टी ऑटो 0.77 प्रतिशत और निफ्टी आईटी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार करता दिखाई दिया। दूसरी ओर रियल्टी और मीडिया शेयरों में हल्की कमजोरी रही। निफ्टी रियल्टी 0.74 प्रतिशत और निफ्टी मीडिया 0.06 प्रतिशत नीचे रहा।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, भारतीय बाजार में तेजी लौटने के स्पष्ट संकेत दिखाई दे रहे हैं। इसके पीछे घरेलू और वैश्विक दोनों स्तरों पर सकारात्मक कारक काम कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रेंट क्रूड की कीमतों में पिछले सप्ताह के 118 डॉलर प्रति बैरल के उच्च स्तर से गिरावट आकर लगभग 110 डॉलर तक पहुंचना बाजार के लिए राहत की बात है। इसके साथ ही अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड का 4.93 प्रतिशत तक नीचे आना भी निवेशकों की धारणा को समर्थन दे रहा है।

विश्लेषकों का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित वैश्विक निवेश थीम में कमजोरी का भारत को अप्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है। पिछले सप्ताह नैस्डैक में 2.8 प्रतिशत की गिरावट के बाद निवेशकों की रुचि अन्य बाजारों की ओर बढ़ रही है और भारत को इसका फायदा मिलने की संभावना जताई जा रही है।

विश्लेषकों ने आगे कहा कि घरेलू मोर्चे पर भी कई मजबूत संकेत दिखाई दे रहे हैं। बैंकिंग क्षेत्र में 17.94 प्रतिशत की क्रेडिट ग्रोथ और अक्टूबर में रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह ने यह संकेत दिया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत गति से आगे बढ़ रही है। बाजार में यह भी चर्चा है कि आगामी केंद्रीय बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स व्यवस्था में बड़े बदलाव किए जा सकते हैं। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि बाजार इन संभावनाओं को पहले से कीमतों में शामिल करना शुरू कर चुका है।

तकनीकी विश्लेषण के लिहाज से निफ्टी का आरएसआई (आरएसआई) 53.50 पर पहुंच गया है, जो उसकी औसत रीडिंग 45.97 से ऊपर है और बाजार की मजबूती को दर्शाता है। पुट-कॉल रेशियो (पीसीआर) 1.24 पर है, जो डेरिवेटिव्स बाजार में सकारात्मक रुझान का संकेत देता है। निफ्टी के लिए 22,900 से 23,000 का स्तर प्रमुख समर्थन (सपोर्ट) क्षेत्र माना जा रहा है, जबकि 23,200 से 23,250 का दायरा निकटतम प्रतिरोध (रेजिस्टेंस) क्षेत्र है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि सूचकांक 50-दिवसीय ईएमए के ऊपर टिकता है तो तेजी को और मजबूती मिल सकती है।

वैश्विक बाजारों में एशियाई शेयरों में कमजोरी देखने को मिली। वहीं कच्चे तेल की कीमतों में नरमी जारी रही। ब्रेंट क्रूड करीब 3 प्रतिशत गिरकर 109.97 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) लगभग 3 प्रतिशत टूटकर 100.81 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता दिखाई दिया।

उधर, शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट नकारात्मक दायरे में बंद हुआ था। इनटेल और अमेजन के उम्मीद से कमजोर नतीजों और एआई पर भारी निवेश को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण नैस्डैक में 5 जून के बाद की सबसे बड़ी एकदिवसीय गिरावट दर्ज की गई थी। इसके बावजूद भारतीय बाजारों ने घरेलू मजबूती के दम पर सकारात्मक शुरुआत की है।

भारत और यूरोपीय संघ ने एफटीए के तहत बाजार पहुंच और व्यापार सुगमता बढ़ाने पर की चर्चा



नई दिल्ली/एजेंसी। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने व्यापक आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनों पक्षों ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत व्यापार और निवेश संबंधों को विस्तार देने, बाजार पहुंच बेहतर बनाने, सप्लाई चेन की मजबूती बढ़ाने और व्यापार सुगमता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने ब्रुसेल्स में व्यापार और आर्थिक सुरक्षा महानिदेशालय (डीजी ट्रेड) की महानिदेशक डिटे जूल जोर्गेनसन, अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी महानिदेशालय (डीजी आईएनटीपीए) के महानिदेशक कोएन डोएन्स, और कराधान एवं सीमा शुल्क संघ महानिदेशालय (डीजी टीएएक्सयूडी) के महानिदेशक गेरासिमोस थॉमस के साथ उच्च-स्तरीय बैठकें कीं।

वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, ये बैठकें व्यापार, निवेश, विकास सहयोग, कराधान और सीमा शुल्क जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत-यूरोपीय संघ सहयोग के बढ़ते दायरे को दर्शाती हैं और दोनों पक्षों की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। डिटे जूल जोर्गेनसन के साथ हुई बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार को सुगम बनाने, बाजार पहुंच बढ़ाने, सप्लाई चेन को अधिक लचीला बनाने और व्यवसायों के लिए नए अवसर सृजित करने पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने एक निष्पक्ष, संतुलित और परस्पर लाभकारी समझौते की दिशा में काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई तथा शेष प्रक्रियागत और क्रियान्वयन संबंधी मुद्दों पर करीबी संवाद जारी रखने पर सहमति जताई।

कोएन डोएन्स के साथ बातचीत में भारत-यूरोपीय संघ विकास सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई। वार्ता के दौरान सतत विकास, स्वच्छ ऊर्जा, हरित प्रौद्योगिकी और अन्य संबंधित क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। वहीं जेरासिमोस थॉमस के साथ बैठक का मुख्य फोकस सीमा शुल्क सहयोग, व्यापार सुविधा और भारत-ईयू एफटीए के क्रियान्वयन की तैयारियों पर रहा। दोनों पक्षों ने माना कि पारदर्शी, कुशल और डिजिटल रूप से सक्षम सीमा शुल्क प्रक्रियाएं व्यापार लागत कम करने, कारोबार को आसान बनाने और वैध व्यापार के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ब्रुसेल्स दौरे के दौरान राजेश अग्रवाल ने एंटवर्प के हीरा उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों और अन्य उद्योग हितधारकों से भी मुलाकात की। चर्चाओं में वैश्विक डायमंड वैल्यू चेन, प्रमाणन और ट्रेसेबिलिटी मानकों, जिम्मेदार सोर्सिंग तथा भारत के बढ़ते हीरा बाजार और विनिर्माण क्षमता से उभर रहे अवसरों पर विचार किया गया।

भारत और बेल्जियम ने रत्न एवं आभूषण क्षेत्र को सहयोग का एक प्रमुख क्षेत्र माना है। एंटवर्प, मुंबई और सूरत को वैश्विक हीरा व्यापार और प्रसंस्करण के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में मान्यता प्राप्त है।

वाणिज्य सचिव ने बिजनेसयूरोप द्वारा आयोजित एक राउंडटेबल बैठक में भी भाग लिया, जिसमें यूरोपीय उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, सुधारों की गति और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध निवेश अवसरों पर प्रकाश डाला तथा यूरोपीय कंपनियों को भारत की विस्तारित वैल्यू चेन और विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में अधिक सक्रिय भागीदारी के लिए आमंत्रित किया।

राजनीतिक आयोजन खत्म हो जाते हैं, लेकिन व्यापारिक नुकसान लंबे समय तक रहता है: इंडिया ब्लॉक रैली पर दिल्ली व्यापार महासंघ

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली व्यापार महासंघ (डीवीएम) ने सोमवार को बीते 1 नवंबर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित इंडिया ब्लॉक की रैली के बाद व्यापार जगत का दृष्टिकोण सामने रखते हुए कहा है कि यह आयोजन राजनीतिक दलों के लिए अपनी बात रखने और शक्ति प्रदर्शन का अवसर रहा होगा, लेकिन दिल्ली के व्यापारिक समुदाय के लिए इसने कई आर्थिक चिंताएं और सवाल छोड़ दिए हैं। संगठन ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि दीपावली जैसे महत्वपूर्ण कारोबारी सीजन के दौरान बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही, माल की आपूर्ति और व्यापारिक गतिविधियों पर असर पड़ना चिंता का विषय है। डीवीएम ने अपने बयान में कहा कि दिल्ली के थोक बाजार केवल राजधानी की अर्थव्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि देशभर के लाखों छोटे व्यापारियों, खुदरा विक्रेताओं और आपूर्ति शृंखला से जुड़े कारोबारियों की आजीविका का आधार हैं। ऐसे में त्योहारी सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा का प्रभाव दिल्ली तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका असर देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचता है। महासंघ ने कहा कि रैली के कारण कारोबारी मौसम के महत्वपूर्ण दिनों में बाजारों की सामान्य गतिविधियां प्रभावित हुईं। दूसरे राज्यों से दिल्ली आने वाले छोटे व्यापारियों की खरीदारी और व्यापारिक योजनाओं पर असर पड़ा। साथ ही दुकानदारों, कर्मचारियों, मजदूरों, ट्रांसपोर्टरों और उनसे जुड़े परिवारों की आय भी प्रभावित हुई।

कोल इंडिया ने 51वें स्थापना दिवस पर बनाया रिकॉर्ड, अक्टूबर में 70.3 मिलियन टन कोयला आपूर्ति दर्ज

नई दिल्ली/एजेंसी।



सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कोयला कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अपने 51वें स्थापना दिवस पर उत्पादन और आपूर्ति के क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बनाते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने अक्टूबर 2026 में अब तक की सर्वाधिक मासिक कोयला आपूर्ति और उत्पादन दर्ज किया, साथ ही बिजली क्षेत्र को भी रिकॉर्ड स्तर पर कोयले की आपूर्ति की।

आधिकारिक बयान के अनुसार, अक्टूबर के दौरान सीआईएल ने 70.3 मिलियन टन (एमटी) कोयले की आपूर्ति की, जो किसी भी महीने में कंपनी की अब तक की सबसे अधिक आपूर्ति है। इससे पहले मार्च 2026 में 69.4 मिलियन टन आपूर्ति का रिकॉर्ड बना था। इस प्रकार कंपनी की कोयला आपूर्ति में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बिजली क्षेत्र को कोयला उपलब्ध कराने के मामले में भी कंपनी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। अक्टूबर में सीआईएल ने बिजली संयंत्रों को 57.1 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति की, जो अब तक का सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। इससे पहले मई 2024 में 56.5 मिलियन टन की आपूर्ति का रिकॉर्ड था। इस श्रेणी में भी सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।उत्पादन के मोर्चे पर भी कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया। अक्टूबर 2026 में कोल इंडिया का कुल कोयला उत्पादन 67.2 मिलियन टन रहा, जो अब तक का सर्वोच्च मासिक उत्पादन है। इससे पहले अक्टूबर 2024 में 62.47 मिलियन टन उत्पादन का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। इस बार उत्पादन में भी सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

रेल परिवहन के माध्यम से कोयला निकासी (इवैक्यूएशन) में भी कंपनी ने नया रिकॉर्ड बनाया।

वनडे में भारत और न्यूजीलैंड के बीच रही है कांटे की टक्कर, जानिए हेड टू हेड रिकॉर्ड

नई दिल्ली/एजेंसी।



भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का आगाज 4 नवंबर से होने जा रहा है। टीम इंडिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टी20 सीरीज को 3-2 से अपने नाम किया। हालांकि, 50 ओवर के फॉर्मेट में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे में अब तक कुल 123 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 63 मैचों में जीत टीम इंडिया के हाथ लगी है। वहीं, 52 मुकाबलों में न्यूजीलैंड ने जीत दर्ज की है। एक मुकाबला टाई रहा है, जबकि 7 मैचों का कोई नतीजा नहीं निकल सका है। दोनों टीमों के बीच आखिरी वनडे सीरीज पिछले साल खेली गई थी, जिसमें कीवी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया था। हालांकि, टीम इंडिया का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की सरजमीं पर वनडे क्रिकेट में कुछ खास नहीं रहा है। न्यूजीलैंड में भारत ने अब तक कुल 45 एकदिवसीय मुकाबले खेले हैं, जिनमें से टीम को सिर्फ 14 में जीत मिली है, जबकि 26 मुकाबलों में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने अपनी आखिरी वनडे सीरीज न्यूजीलैंड में साल 2022 में खेली थी, जिसे न्यूजीलैंड ने 1-0 से अपने नाम किया था। ऐसे में कप्तान शुभमन गिल के सामने वनडे सीरीज में न्यूजीलैंड से पार पाने की कड़ी चुनौती होगी।

वनडे सीरीज के शुरुआती तीन मैचों में कप्तानी की जिम्मेदारी शुभमन गिल संभालते हुए नजर आएंगे, जबकि आखिरी दो एकदिवसीय मुकाबलों में टीम की कमान श्रेयस अय्यर के हाथों में होगी। भारत का बल्लेबाजी क्रम विराट कोहली और रोहित शर्मा की मौजूदगी में काफी दमदार नजर आ रहा है।

केएल राहुल, नमन धीर, ऋतुराज गायकवाड़ और श्रेयस अय्यर पर मिडिल ऑर्डर को संभालने की जिम्मेदारी होगी। हालांकि, तेज गेंदबाजी अटैक में जसप्रीत बुमराह की कमी जरूर टीम को खल सकती है। मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी अटैक की अगुवाई करते नजर आएंगे और उनका साथ अर्शदीप सिंह, गुरनूर बरार और अंशुल कंबोज देंगे।

अनौपचारिक टेस्ट : पुछल्ले बल्लेबाजों ने न्यूजीलैंड ए को दिलाई बढ़त, दूसरी पारी में भारत ए ने बनाए 32/0

क्राइस्टचर्च/एजेंसी।



भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा अनौपचारिक टेस्ट मैच हेगले ओवल के मैदान पर खेला जा रहा है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में भारत ने बिना कोई विकेट गंवाए 32 रन बना लिए हैं। साई सुदर्शन 11 और यशस्वी जायसवाल 20 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं। इससे पहले, पहली पारी में न्यूजीलैंड ए की पूरी टीम पहली इनिंग में 424 रन बनाकर ऑलआउट हुई। कीवी टीम ने पुछल्ले बल्लेबाजों की शानदार बल्लेबाजी के चलते पहली पारी के आधार पर 78 रनों की अहम बढ़त हासिल की। न्यूजीलैंड ए की शुरुआत निराशाजनक रही। राइस मारियू सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि कर्टिस हीफी भी 4 रन ही बना सके और मुकेश कुमार का शिकार बने। टिम रॉबिन्सन भी केवल 3 रन बनाकर आउट हुए। शुरुआती झटकों के बाद मैथ्यू बॉयल और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने पारी को संभाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 331 गेंदों में 208 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। फॉक्सक्रॉफ्ट ने 226 गेंदों पर 93 रन बनाए, जबकि बॉयल ने शानदार शतक जड़ा। उन्होंने 152 गेंदों में 110 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें 14 चौके और एक छक्का शामिल रहा। मिच हे 31 रन बनाकर आउट हुए, जबकि क्रिस्टियन क्लार्क ने 68 गेंदों पर 41 रन बनाए। एक समय न्यूजीलैंड ए के सात विकेट 291 रन पर गिर चुके थे, लेकिन इसके बाद क्लार्क और फ्रेजर शीट ने आठवें विकेट के लिए 47 रन जोड़े। शीट ने जेडन लेनोक्स के साथ नौवें विकेट के लिए भी 31 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई।

369 रन पर 9वां विकेट गिरने के बाद जरॉड मैकके और लेनोक्स ने भारत ए के गेंदबाजों को लंबा इंतजार कराया। दोनों ने आखिरी विकेट के लिए 149 गेंदों में 55 रन जोड़ते हुए 24.5 ओवर तक

नई दिल्ली/एजेंसी

एक और ऐतिहासिक उपलब्धि की दहलीज पर विराट कोहली

ऐसा करने वाले बनेंगे दुनिया के पहले बल्लेबाज



टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने करियर के उस मुकाम पर हैं, जहां वह हर मैच के साथ ही कोई न कोई बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लेते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार (4 नवंबर) को होने वाले वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में भी विराट के पास एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने का सुनहरा मौका होगा। दरअसल, विराट कोहली वनडे में नंबर तीन की पोजीशन पर खेलते हुए अब तक 305 पारियों में 12,988 रन बना चुके हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ अगर पहले वनडे मुकाबले में रहते हैं, तो वह विराट 12 रन बनाने में सफल हुए 13 हजार रन इस पोजीशन पर खेलते पहले बल्लेबाज बन पूरे करने वाले दुनिया के नंबर पर ऑस्ट्रेलिया जाएंगे। इस लिस्ट में दूसरे पोंटिंग मौजूद हैं, के पूर्व बल्लेबाज रिकी में 12,662 रन बनाए जिन्होंने 365 पारियों किसी एक पोजीशन पर हैं। वनडे क्रिकेट में ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड खेलते हुए सबसे के नाम है। सचिन ने सलामी सचिन तेंदुलकर पर 15,310 रन बनाए हैं। बल्लेबाज के तौर अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ विराट कोहली में एक शतक लगाने में सफल रहते वनडे सीरीज तो वो लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे हैं, ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ देंगे। कोहली और सचिन ने अभी तक लिस्ट-ए क्रिकेट में 60-60 शतक लगाए हैं। कोहली का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के खिलाफ ओवर की क्रिकेट में शानदार रहा है।

50

विराट ने 36 मुकाबलों में न्यूजीलैंड के खिलाफ 57 की दमदार औसत से खेलते हुए 1,897 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 7 शतक और 10 अर्धशतक लगाए हैं। विराट न्यूजीलैंड के खिलाफ 154 रनों की नाबाद पारी भी खेल चुके हैं। न्यूजीलैंड में कोहली ने कुल 11 वनडे मैच खेले हैं और इस दौरान 46 की औसत से खेलते हुए 514 रन बनाए हैं।

न्यूजीलैंड की सरजमीं पर कोहली एक शतक और 4 अर्धशतक लगा चुके हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 4 नवंबर को खेला जाना है, जबकि दूसरा मैच 7 और तीसरा मुकाबला 10 नवंबर को खेला जाएगा। सीरीज का चौथा वनडे 13 और आखिरी एकदिवसीय मुकाबला 15 नवंबर को खेला जाना है।

नारियल तेल के फायदे

नैचुरल मॉइश्चराइजर का काम करता है, नारियल का तेल है

सर्दियों में सभी महिलाएं त्वचा को रुखेपन से बचाने के लिए मॉइश्चराइजर खरीदती हैं पर अगर आप इसकी जगह नारियल का तेल इस्तेमाल करें तो भी आपको पूरा लाभ मिलेगा क्योंकि ये प्राकृतिक रुप से मॉइश्चराइजर का काम करता है। नारियल का तेल कई गुणों से भरपूर होता है। त्वचा संबंधी कई रोगों के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। आइए जानते हैं नारियल का तेल सेहत को किस तरह से फायदा पहुंचाता है। नारियल तेल के इस्तेमाल से कई फायदे होते हैं। कई गुणों से भरपूर यह तेल स्वास्थ्यपरक फायदों के लिए पीढ़ियों से इस्तेमाल में लाया जा रहा है। सेहत के साथ-साथ नारियल का तेल त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए भी सदियों से इस्तेमाल किया जा रहा है।

नारियल तेल के फायदे

तेल स्ट्रेच मार्क्स हटाने में भी सहायक



नारियल तेल त्वचा के लिए नैचुरल मॉइश्चराइजर का काम करता है, यह मृत त्वचा को हटाकर रंग निखारता है। इसका इस्तेमाल त्वचा रोग, डर्मेटाइटिस, एक्जिमा और स्किन बर्न में किया जा सकता है। नारियल तेल स्ट्रेच मार्क्स हटाने में भी मदद करता है और होंठ को फटने से बचाने के लिए भी इसे नियमित रूप से होंठों पर लगाया जा सकता है।

नारियल तेल बालों को घना, लंबा और चमकदार बनाने में काफी मददगार साबति होता है। सिर की मसाज सिर्फ पांच मिनट नारियल तेल से करने से न सिर्फ रक्त संचार में वृद्धि होती है, बल्कि यह खो चुके पोषक तत्वों की भी भरपाई करता है, नियमित रूप से नारियल तेल से मसाज करने से बालों में रूसी नहीं होती है।

नारियल तेल के इस्तेमाल से वजन भी कम किया जा सकता है। ताजे नारियल से निकाले गए तेल में अन्य नारियल तेलों की अपेक्षा ज्यादा मीडियम चेन फैटी एसिड होता है। मीडियम चेन फैटी एसिड्स आसानी से ऑक्सीडाइज्ड लिपिड्स होते हैं और एडीपोज ऊतक में संग्रहित नहीं होते हैं। इस प्रकार, मुख्य रूप से मीडियम चेन फैटी एसिड युक्त नारियल का तेल वजन घटाने में मददगार साबित होता है ।नारियल तेल लॉरिक एसिड और कैप्रिक एसिड की तरह एंटीमाइक्रोबियल लिपिड का एक समृद्ध स्रोत होता है, जो एंटीफंगल और जीवाणुरोधी होते हैं।

गर्भवती महिलाएं तनाव से बचें

अगर आप गर्भवती हैं तो किसी प्रकार का तनाव न लें। एक अध्ययन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गर्भावस्था के दौरान ज्यादा तनाव में रहने वाली महिलाओं में गर्भपात का खतरा बढ़ जाता है। अध्ययनकर्ताओं का दावा है कि गर्भावस्था के दौरान तनाव लेने वाली महिलाओं में गर्भपात का खतरा 42 फीसदी बढ़ जाता है। इससे पहले हुए अध्ययन की रिपोर्ट में यह पाया गया था कि 24 सप्ताह की गर्भवती में होने वाले गर्भपात में 20 फीसदी मामले तनाव के कारण होते हैं।

दोबारा अध्ययन के बाद यह पाया गया कि आंकड़ें इससे कहीं ज्यादा हैं क्योंकि गर्भपात के कई मामले दर्ज ही नहीं होते।

यही नहीं अध्ययन की रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा किया गया कि युवा होते ही तनाव और अवसाद का सामना करने वाले लोगों को आगे के जीवन में बहुत सी बीमारियों का सामना करना पड़ता है!

गर्भावस्थ में काम का ज्यादा तनाव न लें

गर्भावस्था के दौरान काम का बहुत ज्यादा तनाव न लें। अपनी प्राथमिकताएं थोड़ी कम करें और दोस्तों या रिश्तेदारों से मदद लेने में संकोच न करें।

घर का काम कम करें और उस समय का इस्तेमाल आप किताब पढ़ने और आराम करने में कर सकती हैं।

अगर कामकाजी हैं तो ऑफिस में सिक लीव या अपनी छुट्टिदयों का भरपूर लाभ लें।

लंबी सांस लें और छोड़ें, योग करें या स्ट्रेचिंग करें।

अगर स्वीमिंग आती है तो स्वीमिंग करें या वॉक करें।

हेल्दी खाएं. संतुलित आहार आपके शरीर और मानसिक सेहत दोनों को ठीक रखेगा।

रात में जल्दी सो जाएं क्योंकि इससे आपके गर्भ में पल रहे बच्चों को विकास के लिए ज्यादा समय मिलेगा।

दूसरों की सुनें पर दिल से न लगाएं। गर्भावस्था के दौरान लोग खूब कहानियां सुनाते हैं, उन्हें सुनें जरूर, पर ज्यादा ध्यान न दें। कुछ लोगों को गर्भावस्था में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन ऐसा आपके साथ भी हो, कोई जरूरी तो नहीं।

अगर आपको लगता है कि आप तनाव में हैं और आपका तनाव कम नहीं हो पा रहा है तो अपने डॉक्टर से बात करें।





कम बजट में शानदार हनीमून!

भारत के ये 6 डेस्टिनेशन जहां ट्रिप बनेगी बेहद यादगार

भारत में हनीमून की योजना बना रहे कपल्स के लिए यह लेख 6 आकर्षक डेस्टिनेशन सुझाता है, जहां वे अपनी शादी के बाद बेहतरीन पल बिता सकते हैं। गोवा के सुनहरे समुद्र तटों से लेकर शिमला और मनाली की बर्फीली वादियों तक, ये गंतव्य शांति, प्राकृतिक सुंदरता और एडवेंचर का अनोखा संगम प्रदान करते हैं, जो कम बजट में भी शानदार ट्रिप सुनिश्चित करते हैं।

भारत में शादियों का सीजन शुरु हो चुका है। शादी के बाद कपल्स का हनीमून पर जरुर जाते हैं। अगर आप भारत में हनीमून के लिए डेस्टिनेशन खोज रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। वैसे भी भारत में घूमने-फिरने की जगहों की भरमार है। यहां आपको एक से बढ़कर एक एडवेंचर, रोमांटिक जगहें, जहां आप पार्टनर संग घूमने जा सकते हैं। इस लेख में हम आपको भारत में ही हनीमून प्लान करने के लिए कुछ रोमांटिक डेस्टिनेशन्स के बारे बताने जा रहे हैं। इन जगहों पर आपको सुकून, शांति मिलेगी और कम बजट में ट्रिप भी शानदार बन जाएगी।

गोवा

भारत की सबसे फेवरेट हनीमून डेस्टिनेशन में से एक है गोवा। यहां की बीच लाइफ एक्सपीरियंस सबसे शानदार होता है। गोवा के बीच के किनारे आप पत्नी संग रोमांटिक पल बिता सकते हैं। इसके अलावा, गोवा की नाइट लाइफ पार्टी को एन्जॉय करने का एक अलग ही मजा होता है। यहां पर घूमने के लिए कैलेंगुट बीच, अंजुना बीच, बागा बीच, बागाटोर बीच, सिंकेरियन बीच, पालोलेम बीच। गोवा में घूमने के लिए ज्यादा पैसा खर्च नहीं होता है। पहले ही होटल बुकिंग कर लें, वरना बाद में महंगी हो जाती है।

शिमला

यदि आपका पहाड़ पर घूमने का प्लान हैं, तो आप शिमला घूमने जरुर जाएं। शिमला में देवदार, चीड़ और माजू के जंगलों में आप घूम सकते हैं। बर्फीले घाटियां और सुंदर नजारे आपको मंत्रमुग्ध कर देंगे। हनीमून के लिए शिमला घूमना एक परफेक्ट डेस्टिनेशन में से एक है।

मनाली

हिमाचल प्रदेश का खूबसूरत शहर है मनाली। यह जगह हनीमून डेस्टिनेशन के लिए सबसे बढ़िया है। यहां आप सुंदर सी बर्फीली वादियां देख सकते हैं। मनाली में हनीमून मनाना सबसे यादगार हो सकता है। मनाली में दिसंबर-जनवरी के महीने में स्नोफॉल का लुत्फ उठा सकते हैं। यहां आप ट्रेकिंग, स्नो स्कीइंग का तुत्फ उठा सकते हैं।

दार्जिलिंग

क्वीन ऑफ हील्स दार्जिलिंग को कहा जाता है। हनीमून के लिए यह जगह बेहद ही रोमांटिक है। यहां पर चाय के बागन,बर्फ से ढके सुंदर पहाड़, देवदार के जंगल, प्राकृतिक सुंदरता, कल-कल करते झरने देखकर आप इस जगह में खो जाएंगे। कम बजट के अंदर है यह एक शानदार हनीमून की जगह हो सकती है।

श्रीनगर

हनीमून के लिए परफेक्ट डेस्टिशन है श्रीनगर। कश्मीर घाटी में बसा श्रीनगर सुंदर नजारे और घाटियों के लिए जाना जाता है। यहां पर मुख्य आकर्षण केंद्र है डल झील। यहां पर आप मुगल गार्डन, झीलें, सुंदर घाटियों में घूम सकते हैं। यह जगह हनीमून के लिए परफेक्ट है।

माउंट आबू

राजस्थान का स्वर्ग कहा जाने वाल माउंट आबू, हनीमून के लिए एकदम परफेक्ट जगह है। यदि आप भारत में हनीमून के लिए नई जगह पर जाना चाहते हैं, तो माउंट आबू का प्लान जरुर बनाएं। यहां पर आप वाइल्ड लाइफ का मजा ले सकते हैं। यहां पर आप तरह-तरह के पक्षियां, जानवर देखने को मिलेंगे। पहाड़ों पर घूमने या ट्रेकिंग का प्लान कर सकते हैं।

सपनों का हनीमून!

बिना वीजा के इन जगहों पर बिताएं जिंदगी के सबसे रोमांटिक पल



हनीमून हर नवविवाहित जोड़े के जीवन का सबसे खूबसूरत समय होता है, जिसे खास जगह पर बिताना हर किसी का सपना होता है। दुनिया में कई ऐसी रोमांटिक डेस्टिनेशंस हैं जो हनीमून के लिए परफेक्ट मानी जाती हैं। मालदीव अपने शांत समुद्र, वॉटर विला और प्राइवेट बीच के लिए मशहूर है। दुनिया में ऐसी के बीच वाले देश हैं जो वीजा-फ्री है, जहां आप अपने पल को सुकून से बिता सकते हैं। मॉरीशस सुंदर बीच और नेचर के कारण रोमांटिक माहौल प्रदान करता है। मॉरीशस और सेशेल्स भी अपने लग्जरी रिसॉर्ट्स और नीले समुद्र के लिए लोकप्रिय हैं। हनीमून को खास बनाने के लिए आप इन जगहों पर घूमने जरुर जाएं। ये सभी जगहें कपल्स को सुकून, रोमांस और यादगार पलों से भरा अनुभव देंगी।

मालदीव

नवविवाहित कपल्स के लिए मालदीव सबसे बेस्ट जगहों में से एक है। हनीमून के लिए यह बेस्ट डेस्टिनेशन है, जो कि वीजा-फ्री है। यहां के ओवरवॉटर विला, क्लिर ब्लू पानी और रंग-बिरंगी मछलियां किसी स्वर्ग से कम नहीं है। मालदीव में प्राइवेट रिसॉर्ट्स दीपों के लिए जाना जाता है। शाम के समय समुद्र किनारे कैंडललाइट डिनर, कपल स्पा और सनसेट क्रूज आपकी यादों को हमेशा यादगार बना देंगा।

मॉरीशस

मॉरीशस सुंदर बीच, हरे-भरे जंगलों और विविध संस्कृति के लिए जाना जाता है। कपल्स यहां पर ले मॉर्न ब्राबांट, चमरेल की सेवन कलर्ड अर्थ और पाम्पलमूस बोटैनिकस गार्डन देख सकते हैं। यदि आप एडवेंचर का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो स्कूबा डाइविंग, सेलिंग या ट्रेकिंग का मजा ले सकते हैं। यहां आप हनीमून को शानदार तरीके से एन्जॉय कर सकते हैं।

सेशेल्स

एक शांत और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है सेशेल्स, यहां पर सफेद रेत वाले बीच और नीले पानी की लहरें कपल्स को अट्रैक्ट करेगी। यहां के लोकप्रिय स्थानों में अन्से लाजियो बीच और यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट डे शामिल है। कपल्स यहां पर प्राइवेट यॉट में सफर कर सकते हैं।

अल्माटी

अल्माटी कजाखस्तान का सबसे बड़ा और खूबसूरत शहर है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिकता के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर बर्फ से ढके पहाड़ों, झीलों और हरियाली से घिरा हुआ है। अल्माटी कभी देश की राजधानी था और आज भी इसका सांस्कृतिक और आर्थिक केंद्र माना जाता है। यहां का मेदेओ आइस स्केटिंग रिंक, शिम्बुलक स्की रिसॉर्ट और बिग अल्माटी लेक प्रमुख आकर्षण हैं। अपनी शांत जलवायु और सुंदर दृश्यों के कारण यह हनीमून और पर्यटन के लिए सबसे बेस्ट डेस्टिनेशन है।

फिजी

हनीमून के लिए फिजी एक शानदार डेस्टिनेशन है। फिजी नेचुरल खूबसूरती के लिए जाना जाता है। यहां के साफ बीच, कोरल रीफ और हरियाली से भरे जंगल न्यूली वेड कपल के लिए शानदार है। यहां पर आफ डाइविंग, स्नॉर्कलिंग और हाइकिंग कर सकते हैं।

दिल्ली-एनसीआर वालों के लिए परफेक्ट वीकेंड स्पॉट! भरतपुर नेशनल पार्क दिलाएगा सुकून

अगर आप दिल्ली-एनसीआर में रहते हैं और वीकेंड ट्रिप पर जाने का प्लान कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल सिर्फ आपके लिए है। भागदौड़ भरी जिंदगी से परेशान होकर लोग कुछ समय के लिए सुकून की तलाश करते हैं। रोजाना 9 टू 5 जॉब करके हम सभी का माइंड और बॉडी दोनों ही थक जाती है। अगर आप वीकेंड पर फैमिली और दोस्तों के साथ समय सुकून बिताना चाहते हैं, तो आप भरतपुर बर्ड सेंचुरी एक्सप्लोर करने जरुर जाएं। यहां पर आपको जंगलों के बीच पक्षियों का सुंदर नजारा और एकांत व सुकून का माहौल देखने को मिलेगा।

भरतपुर बर्ड सेंचुरी जाने का समय

आपको बता दें कि, भरतपुर बर्ड सेंचुरी का असली नाम केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान है। जो कि भरतपुर जिला राजस्थान में बना हुआ है। वीकेंड के दौरान दिल्ली के आसपास जगहों के लिए ये नेशनल पार्क टॉप पर रहता है। अक्टूबर से लेकर मार्च तक महीने तक यहां समय बीतना बेहद ही खास होता है। इस समय यहां पर लोकल बर्ड के अलावा माइग्रेटेड पक्षी भी आते हैं। यह समय जाने के लिए सबसे बेस्ट है।

भरतपुर बर्ड सेंचुरी में देखने के लिए क्या-क्या है?

यहां पर आपको प्रवासी पक्षियों में से साइबेरियन सारस, बार हेडेड गीज, पेलिकन और पेंटेड स्टार्क आते हैं। इसके अलावा, लोकल पक्षियों की ढेर सारी वैराइटी भी देखने को मिलती है। पक्षियों के अतिरिक्त, यहां पर अजगर, मॉनिटर छिपकलियां, कुछ वाइल्ड कैट, गोल्डन सियार, जंगली सुअर, सांभर, हिरण, चितल हिरण भी देखने को मिल जाएंगे। यहां आप कई सारे कछुओं की वैराइटी देख सकते हैं।

भरतपुर में इन जगहों पर घूमें

भरतपुर नेशनल पार्क के अलावा आप यहां पर लोहागढ़ फोर्ट भी टूरिस्ट प्लेस पर घूमने जा सकते हैं। बांके बिहारी मंदिर, भरतपुर पैलेस और म्यूजियम की सैर कर सकते हैं। भरतपुर में लोकप्रिय गंगा मंदिर अपने अनोखे इतिहास के लिए जाना जाता है। यह लगभग 90 साल पुराना है। यहां पर लक्ष्मण मंदिर और गर्वनमेंट म्यूजियम भी देखने के लिए टूरिस्ट जाते हैं।

कैसे पहुंचे भरतपुर

बता दें कि, भरतपुर रेलवे स्टेशन सभी प्रमुख स्टेशनों से पूरी तरह से कनेक्टेड है। दिल्ली से आप भरतपुर ट्रेन पकड़ सकते हैं। दिल्ली से आप बस या फिर प्राइवेट कैब से भी जा सकते हैं। ढाई घंटे में आप यहां आराम से पहुंच जाएंगे।



'2024 का चुनाव अवैध, सीईसी ज्ञानेश कुमार जेल जाएगा'

रामलीला मैदान से राहुल गांधी बोले



नयी दिल्ली।

इंडिया गठबंधन की रामलीला मैदान में मेगा रैली में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने ज्ञानेश कुमार और सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने मौजूद भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि आपने देश को संदेश भेजना था. मोदी - अमित शाह - ज्ञानेश कुमार को संदेश भेजना था, वो संदेश भेजा है. राहुल ने कहा, 'ये एक राजनीतिक पार्टियों की आवाज नहीं है. ये युवाओं, मजदूरों की आवाज है. हम संविधान को नष्ट नहीं होने देंगे. जितना भी पावर पैसा है, आप संविधान से बड़े नहीं हो, संविधान सबसे बड़ा है.' राहुल ने कहा कि सालों सो वोट चोरी हो रही है.

ममता बनर्जी ने कहा, महाराष्ट्र, कर्मनाटक, एमपी में वोट चोरी हुई है. 2024 के चुनाव के बाद साढ़े 13 कड़ोर वोटरलिस्ट से बाहर निकाला. 7 वोटर में से एक वोट को निकाला गया. 15 फीसदी वोटरों को निकाला गया.

2024 में सिर्फ 3 फीसदी का फर्क था. उसके बाद 15 फीसदी वोटरों को निकाल दिया गया. इसका मतलब 2024 का चुनाव गैरकानूनी था, वोट चोरी का चुनाव था।

● इसे देशद्रोह कहते हैं : राहुल गांधी

राहुल ने आगे कहा कि ज्ञानेश कुमार सीईसी पद से हटेगा ज्ञानेश कुमार हिन्दुस्तान में जेल जाएगा. ये आम चोरी नहीं है. किसी ने दुकान से छोटी सी चोरी कर ली, ये नॉर्मल चोरी नहीं है. ये हिन्दुस्तान के हर नागरिक की चोरी है. इसको लीगल पार्लियामेंट में ट्रेजन कहते है.

आरएसएस ने देश के सारी संस्थाओं को कैप्चर कर लिया है. सारी संस्था को इन लोगों ने कैप्चर कर के रखा है. नतीजा, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है. पूरा का पूरा धन एक दो हाथों में चला गया है।

● मोदी कहीं नहीं जा सकते : राहुल गांधी

इसके अलावा राहुल गांधी ने कहा कि मैं आपको बताता हूं कि मोदी कहीं नहीं जा सकते.

जाना भी चाहें तो कहीं नहीं जानें देंगे. ज्ञानेश कुमार के बाद हम आपके सामने खड़े होने जा रहे हैं.

आपने जो वोट चोरी की है, उसके खिलाफ लीगल कार्रवाई होगी. देश को न्याय मिलेगा।



रामलीला रैली में खरगे बोले- 'मोदी को हटाएंगे, ज्ञानेश कुमार को जमीन के अंदर से भी निकालकर लाएंगे'

नयी दिल्ली।

इंडिया गठबंधन की रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चा जारी रखने का ऐलान किया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जो अपने चेले को बिठाकर सबके वोट तोड़ने का काम कर रहे हैं. जब तक वो (ज्ञानेश कुमार) नहीं जाएगा, हम लड़ते रहेंगे. उन्होंने कहा, 'ज्ञानेश को भगाएंगे मोदी जी छुपाने की कोशिश कर रहे हैं. जमीन के अंदर भी गया है तो उसको उठाकर बाहर लाएंगे. इतनी ताकत हमारे युवाओं, महिलाओं के पास है.' खरगे ने साथ ही कहा कि मोदी जाएगा, जरूर जाएगा -जब आप मजबूती से लड़ेंगे. हम एक होकर लड़ेंगे, मोदी को हटाएंगे. संविधान को बचाएंगे. उन्होंने कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार, महाराष्ट्र सरकार, बिहार सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार चोरी की सरकार हैं।

● ईडी के सहारे डराने की कोशिश : खरगे



खरगे ने गठबंधन के नेताओं का स्वागत करते हुए कहा, 'नरेंद्र मोदी-शाह ने जिस तरह से जनता का वोट छीनने की कोशिश की, आज हम उसके खिलाफ यहां एकजुट हुए हैं.' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'आप डराते हैं, ईडी को लगाते हैं, केंद्रीय एजेंसियों को लगाते हैं. हमें डराने की कोशिश करते हैं. हम डरने वाले नहीं हैं. इंडिया गठबंधन के लोग डरने वाले नहीं हैं. लड़ने वाले लोग हैं. पीएम मोदी फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं. वो लोगों के वोट छिनने की कोशिश करते हैं. वोट कौन देगा वो, वो चुन रहे हैं।' सीईसी ज्ञानेश कुमार और एसआईआर के खिलाफ रामलीला मैदान की रैली में राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव और कई अन्य दलों के नेता शामिल हैं. रैली से पहले इन नेताओं ने मिंटो ब्रिज से रामलीला मैदान तक मार्च किया. बड़े नेता खुली बस में सवार दिखे।

कनॉट प्लेस की दुकानें बंद 'कराने' पर बिफरे राहुल गांधी

● कहा- बीजेपी ने जबरन शॉप बंदी करके कारोबारियों का किया नुकसान



नयी दिल्ली। इंडी गठबंधन की ओर से दिल्ली के रामलीला मैदान में हो रही'चलो दिल्ली' रैली के दौरान कनॉट प्लेस के अधिकतर दुकानदारों ने एहतियातन अपनी दुकानें बंद की हुई हैं. इन दुकानों के बंद रहने पर सियासत तेज हो गई है. विपक्षी नेता राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर बिफरते हुए इसके लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है. राहुल गांधी ने कहा कि कहा कि बीजेपी ने जबरन दुकानें बंद करवाकर स्थानीय व्यापारियों का बड़ा नुकसान कराया है. सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वीडियो मैसेज पोस्ट करके कहा कि दिवाली, छठ और भाई दूज जैसे बड़े त्योहारों का समय चल रहा है. ऐसे में उन्होंने दिल्ली आने वाले लाखों कार्यकर्ताओं से स्थानीय बाजारों में खरीदारी करने की अपील की थी, जिससे छोटे कारोबारियों को फायदा पहुंचे. लेकिन जब रैली में शामिल लोग कनॉट प्लेस पहुंचे, तो वहां पर उन्हें दुकानें बंद दिखाई दीं. राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि रैली के आर्थिक असर को लेकर बीजेपी लोगों में अफवाहें फैला रही है, जबकि असली नुकसान जबरन दुकानें बंद कराकर कराया गया है।

आप कौन होते हैं भारत की जनता से सबूत मांगने वाले : नेहा बोरा

गरजीं नेहा बोरा

नयी दिल्ली।

दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित इंडिया ब्लॉक की रैली में एआईएसए की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा ने मंच से भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखा हमला किया है. उन्होंने कहा, 'हिंदुस्तान में सभी लोगों का एक समान दर्जा होगा और उस समान दर्ज का प्रतीक हमारा एक वोट है. जब आप उस वोट को हमसे छीन लेते हैं और हमें हमारे ही देश में दूसरे दर्जे का नागरिक बना देते हैं, हमें बाहरी घोषित कर देते हैं. उन्होंने कहा, 'इस देश के मुसलमानों को, इस देश की महिलाओं को, इस देश के दलितों और आदिवासियों को, इस देश के गरीब मजदूरों को बार-बार लंबी लाइनों में खड़ा करते हैं और उनसे सबूत मांगते हैं, उनसे यह साबित करने के लिए कहते हैं कि दो सबूत कि तुम हिंदुस्तान के नागरिक हो.

● महारैली के मंच से देश के लिए, इस देश में लोकतंत्र के लिए संघर्ष कर रहे लोगों को पीस बॉन्ड साइन करवाने की कोशिश की, उन्हें जेलों में भर दिया और जो लोग तिरंगा लेकर दिल्ली की सड़कों पर बाहर निकले उनके ऊपर लाठीचार्ज किया, उनके कपड़े फाड़े, महिलाओं का यौन शोषण किया, ये आपकी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की और बीजेपी का इतिहास है, जिसे आप इतने सालों बाद भी दोहरा रहे हैं।'



रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक की महारैली के मंच से एआईएसए की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा, 'हम आप लोगों से पूछते हैं कि आप लोग जो सालों साल हिंदुस्तान का झंडा फहराने से इनकार करते रहे, अपने ऑफिसों में तिरंगा लगाने से इनकार करते रहे, आप होते कौन हैं हिंदुस्तान की आवाम को पूछने वाले कि तुम अपनी नागरिकता साबित करो.' उन्होंने कहा, 'आपने हिंदुस्तान की जनता को अपनी इच्छा के मुताबिक झुकाने के लिए आखिरकार वही हथकंडे अपनाए, जो आपके बाप-दादा अंग्रेज अपनाते थे. आपके बाप-दादाओं ने हिंदुस्तान के स्वतंत्रता सेनानियों से पीस बॉन्ड साइन करवाते थे और उन्हें जेल भेज देते थे और आज भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने भी आम लोगों को इस

शिव की बारात का उदाहरण देकर राहुल गांधी ने कैसा हिंदुस्तान बनाने की बात कही?

नयी दिल्ली।

रामलीला मैदान में विपक्ष की रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार जेल जाएंगे. राहुल ने कहा कि ये किसी एक राजनीतिक पार्टी की आवाज नहीं है. ये हिंदुस्तान की आवाज है कि हम लोकतंत्र को खत्म होने नहीं देंगे. हम संविधान को नष्ट होने नहीं देंगे.

राहुल ने कहा कि आप अपने आपको जितना भी बड़ा समझो, जितना भीआपके पास पैसा है, जितना भी आपके पास पावर है, आप जो भी हो, संविधान सेबड़े नहीं हो, संविधान आपसे बड़ा है. राहुल ने आरोप लगाया कि सालों से इस देश में वोट चोरी हो रही है. ममता जी ने बंगाल का उदाहरण दिया. एमपी, हरियाणा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक और 2024 की लोकसभा... सारे चुनावों में वोट चोरी हुई है. ईवीएम के साथ वोट चोरी हुई है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 के चुनाव के बाद साढ़े 13 करोड़ वोटर्स वोटर लिस्ट से हटाए गए. 13 करोड़ वोटर्स को वोटर लिस्ट से बाहर निकाला. 2024 के चुनाव के बाद 7 वोटरों में से एक वोटर को निकाला गया. 15 पर्सेंट हिंदुस्तान के वोटर्स को वोटर लिस्ट से निकाला गया. 2024 में एनडीए और हमारे बीच में 3 पर्सेंट फर्क था. उसके बाद 15 पर्सेंट वोटर्स वोटर लिस्ट से निकाल दिए गए. उन्होंने कहा कि इसका मतलब 2024 का चुनाव गैरकानूनी था. चोरी का चुनाव था. और ये बात मैं नहीं कह रहा हूं, ये बात चुनाव आयोग कह रहा है. क्योंकि उन्होंने 13 करोड़ वोटर्स 2024 के बाद लिस्ट से निकाले हैं।

● शिव की बारात का उदाहरण देकर क्या बोले राहुल?

राहुल ने रैली को संबोधित करते हुए शिव की बारात का उदाहरण भी दिया. उन्होंने कहा कि आपने शिव की बारात का नाम सुना है. शिव की बारात में हर व्यक्ति जा सकता है. उसमें हर जीव जा सकता है. उस तांडव में कोई भी जाकर नाच सकता है. उस तांडव में कभी नहीं कहा जाता कि तुम नहीं आ सकते. किसी को नहीं रोका जा सकता।







स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929